(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)




हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

राम्या पांडियन ने बिग बॉस...8



शनिवार, 16 अप्रैल 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 117 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## ईनाम और कार्रवाई साथ-साथ योगी 2.0 में काम ही पैमाना, शिकायतों और आरोपों पर हो रहा एक्शन

लखनऊ। योगी 2.0 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तेवर काफी सख्त हैं। सीएम योगी अधिकारियों के खिलाफ जनसमस्याओं के निस्तारण, आरोपों और भ्रष्टाचार की शिकायतों को गंभीरता से ले रहे हैं। ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की जा रही है, तो अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को अच्छी पोस्टिंग देकर ईनाम भी दिया जा रहा है। सीएम योगी जल्द जिलों का दौरा करेंगे और ध् ारातल पर समीक्षा बैठक कर योजनाओं की पड़ताल करेंगे।

योगी 2.0 में अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर और सख्ती बरती जा रही है। सीएम के निर्देश पर हाल ही में गंभीर आरोपों से घिरे डीएम औरैया सुनील कुमार वर्मा, सोनभद्र के डीएम टीके शिबु और गाजियाबाद एसएसपी पवन कुमार को निलंबित किया गया था। शासन की ओर से एक दर्जन से अधिक आईएएस अधिकारियों और 14 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इनमें कई अधिकारियों को प्रतीक्षारत किया गया है, तो अच्छा काम करने वाले कई अधिकारियों का अच्छी पोस्टिंग भी दी गई है। माना जा रहा है कि पुलिस–प्रशासनिक व्यवस्था में और सुधार लाने के लिए जल्द



बड़े पैमाने पर तबादले और कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद सीएम योगी पुलिस –प्रशासन के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग करेंगे और उसके बाद जिलों का दौरा करेंगे। सिर्फ जनसमस्याओं का निस्तारण नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी अहमः सीएम योगी की जिलों में लापरवाह अधिकारियों पर पैनी नजर है। खानापूर्ति करने वाले, जनसुनवाई या भ्रष्टाचार जैसे मामलों में कार्रवाई में शिथिलता बरतने वाले जिला स्तरीय अधि ाकारी भी सीएम योगी की रडार पर हैं। बार–बार शासन स्तर से निर्देश देने के बावजूद अनदेखी करने वाले अधिकारियों पर जल्द गाज गिरने वाली है। इसके लिए सीएम योगी ने मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है। सीएम योगी की प्राथमिकता में सिर्फ जनसमस्याओं का निस्तारण नहीं है, बल्कि उसकी गुणवत्ता और शिकायत करने वाले की संतुष्टि भी अहम है, ताकि एक ही शिकायत बार बार करने से लोगों को मुक्ति मिले।


## अशोक गहलोत बोले– देश के अंदर हालात तनावपूर्ण, राष्ट्र के नाम संदेश जारी करें प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। राजस्थान के करौली में हुई हिंसा को लेकर राजनीति गर्म है। इन सबके बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर से भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जैसे करौली में दंगा हुआ... पकड़े गए लोग भी निर्दोष हो सकते हैं... मप्र में भी पकड़े गए (झगड़े के लिए) निर्दोष हो सकते हैं। निर्दोष हो या दोषी, उन्होंने लोगों का घर उजाड़ने के लिए यह कदम उठाया है। क्या यह किसी का घर गिराने का साहसिक कदम है। उन्होंने कहा कि अपनी छवि बनाने के लिए किसी गरीब का घर तोड़ना क्या सही है? अशोक गहलोत ने कहा कि आज जो कुछ भी हो रहा है उससे कुछ लोग खुश हो सकते हैं। आने वाला वकध्त उनके लिए भी अच्छा नहीं होगा। उनके लिए भी खतरनाक होगा। जो हालात देश के अंदर है, वह तनावपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्र के नाम संदेश जारी करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी को देश की जनता से शांति की अपील कर देश के खराब होते माहौल को ठीक करने का प्रयास करना चाहिए। अगर देश के नागरिकों में आपस में मनभेद होगा तो वह देश के अच्छे भविष्य के लिए उचित नहीं होगा। वहीं आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के अखंड भारत वाले बयान पर उन्होंने कहा कि आरएसएस गांधी, पटेल और अंबेडकर का इस्तेमाल कर रहा है... न तो जनसंघ, घ्न अब बीजेपी, और न ही आरएसएस ने कभी उन पर विश्वास किया... वे केवल चुनाव जीतने के लिए अपना नाम लेते हैं। गहलोत ने आगे कहा कि वे श्अखंड भारतश् की बात करते हैं लेकिन (सरदार) पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था। उन्होंने (आरएसएस) राजनीति में कभी भाग न लेने के लिए लिखित में दिया, और वे केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।



## भारत में 949 नए कोविड मामले दर्ज, 24 घंटे में 6 मौतें


नयी दिल्ली।भारत में एक दिन में कोविड–19 के 949 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,30,39,972 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी बढ़कर 11,191 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण से मौत के छह और मामले सामने आने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,21,743 हो गई है। वहीं, देश में कोविड–19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 11,191 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.03 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 133 की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.76 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर 0.26 प्रतिशत और



साप्ताहिक दर 0.25 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,25,07,038 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड–19 से मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड–19 रोधी टीकों की 186.30 करोड़ से अधिक खुराक लगाई जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार पहुंच गए थे।

## ईसा मसीह को याद कर पीएम मोदी ने दिया ये संदेश

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे



के अवसर पर ईसा मसीह को याद किया। उन्होंने कहा कि सेवा और भाईचारे के ईसा मसीह के आदर्श लोगों का मार्गदर्शन करते हैं। मोदी ने ट्वीट किया, ''आज गुड फ्राइडे के दिन हम ईसा मसीह के साहस और बलिदान को याद करते हैं। सेवा और भाईचारे के उनके आदर्श कई लोगों का मार्गदर्शन करते हैं।'' गुड फ्राइडे ईसाई धर्म के लोगों के लिए पवित्र दिन है।माना जाता है इसी दिन ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाया गया था। इस दिन को होली फ्राइडे, ग्रेट फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे और इस्टर फ्राइडे भी कहा जाता है।

## हंसखाली मामलाः भाजपा की फैक्ट फाइंडिंग टीम ने परिजनों से की मुलाकात, जेपी नड्डा को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की श्फैक्ट फाइंडिंगश टीम ने शुक्रवार को हंसखली में सामूहिक बलात्कार की शिकार लड़की के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान श्फैक्ट फाइंडिंगश टीम की सदस्य और




भाजपा सांसद रेखा वर्मा ने बताया कि मैं पूरी रिपोर्ट हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौपेंगी, लेकिन दुख की बात है कि मुख्यमंत्री एक महिला हैं फिर भी पीड़िता के दर्द को नहीं समझती। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक भाजपा सांसद रेखा वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की बात नहीं मानी। यहां महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। आपको बता दें कि भाजपा हंसखली सामूहिक बलात्कार मामले में प्रदेश की ममता बनर्जी सरकार पर हमलावर है। इसी बीच भाजपा नेत्री खुशबू सुंदर ने बताया कि एक महिला मुख्यमंत्री 14 साल की बच्ची से बलात्कार को लेकर निंदनीय बयान दे रही हैं और मामले की अनदेखी कर रही हैं। उन्हें माफी मांगनी चाहिए। हम राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग करते हैं, उन्हें अपनी सीट छोड़ देनी चाहिए। जांच में जुटी सीबीआईः सीबीआई ने गुरुवार को बलात्कार के मुख्य आरोपी के मकान का ताला तोड़कर तलाशी ली। सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि कथित सामूहिक बलात्कार की घटना चार अप्रैल को जिस मकान में हुई थी टीम ने वहां से नमूने एकत्र किए और फिर मकान को ताला जड़ दिया। उन्होंने बताया कि सीबीआई की टीम के साथ केन्द्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के कर्मचारी भी थे और पूरी तलाशी अभियान तथा साक्ष्य बटोरने की प्रक्रिया का वीडियो बनाया गया।


## अल-अक्सा मस्जिद में इजरायल पुलिस व फिलिस्तीनियों के बीच हिंसक झड़प, 59 घायल

नई दिल्ली। यरुशलम में एक प्रमुख पवित्र स्थल अल–अक्सा मस्जिद में इजरायली पुलिस और फिलिस्तीनियों के बीच शुक्रवार तड़के झड़पें हुईं और चिकित्सकों ने कहा कि कम से कम 59 फिलिस्तीनी घायल हो गए हैं। अल अक्सा मस्जिद में पुलिस का बड़ा ऑपरेशन देखने को मिली है। फिलीस्तीन समर्थक और इजरायली फोर्स के बीच टकराव हुआ है। इजरायली फोर्स ने आंसू गैस के गोले छोड़े हैं। चश्मदीदों के मुताबिक इजरायली फोर्स के हमले में 59 लोग घायल हुए हैं। सोशल मीडिया में वायरल होने वाले वीडियो में फिलिस्तीनीपत्थर फेंकते हुए और पुलिस को आंसू गैस के गोले दागते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस की इस कार्रवाई की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह की नमाज के बाद पुलिस इस मस्जिद में दाखिल हुई। ये हिंसा तब शुरू हुई जब फिलिस्तीन समर्थकों की तड़फ से पत्थरबाजी शुरू की गई। बता दें कि इजराइल अल अक्सा मस्जिद पर अपना कब्जा मानता है और उसने मस्जिद में फिलिस्तीनियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है। रमजान के मौके पर ये प्रतिबंध हटाए गए थे। सुबह की नमाज के लिए मस्जिद में हजारों की संख्या में नमाजी जमा हुए थे जिस दौरान हिंसा हुई।



## शिवपाल यादव ने की समान नागरिक संहिता की वकालत, बोले– इसे लागू करने का सही समय आ गया

लखनऊ। भाजपा के साथ बढ़ती नजदीकियों के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल यादव ने समान नागरिक संहिता की वकालत की है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता को लागू किए जाने का सही समय आ गया है। दरअसल, राजधानी लखनऊ में अंबेडकर जयंती के मौके पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवपाल यादव ने देश में समान नागरिक संहिता लागू किए जाने की मांग की। शिवपाल यादव ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और राममनोहर लोहिया का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने समाजवाद की खुली पैरवी की थी और तो और संविधान सभा में समान नागरिक संहिता की वकालत भी की थी। इतना ही नहीं उन्होंने बताया कि राममनोहर लोहिया ने 1967 के चुनाव में समान नागरिक संहिता को मुद्दा भी बनाया था। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि आने वाले दिनों में शिवपाल यादव भाजपा में शामिल हो सकते हैं क्योंकि विधानसभा चुनाव के बाद उनकी भाजपा के साथ नजदीकियां बढ़ी हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की थी। ऐसा कहा जा रहा है कि अखिलेश यादव और शिवपाल यादव के बीच दरारें पैदा हो गई हैं। इसी वजह से उन्होंने सपा से दूरियां बना रहे हैं।



## किरीट सोमैया को बंबई हाई कोर्ट से मिली राहत, शिवसेना ने लिखा– फंसानेवालों को राहत, माय लॉर्ड, ये क्या?

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र भाजपा नेता किरीट सोमैया को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण देने का आदेश दिया। शिवसेना की तरफ से इस फैसले के बाद लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में भी कोर्ट के इस फैसले को लेकर लिखा है कि फंसानेवालों को राहत, माय लॉर्ड ये क्या? सामना में कहा गया कि विक्रांत बचाओ एक घोटाला है। करोड़ों–करोड़ों रुपये एकत्र किए गए और गबन किया गया। अदालत से राहत का मतलब यह नहीं है कि कोई भ्रष्टाचार के आरोप से मुक्त हो गया है।

शिवसेना ने कहा कि जमा हुआ पैसा राजभवन नहीं पहुंचा। ऐसा राजभवन कहता है। हमारी ये बात मानने को अदालत तैयार नहीं होगी तो हम किस युग से गुजर रहे हैं. आनेवाला समय कितना कठिन होगा यह समझ में आ जाएगा। बता दें कि इससे पहले शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने नौ साल पहले सेवामुक्त विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को नष्ट होने से बचाने के लिए एकत्र किए गए धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया था।



संजय राउत ने कहा था था कि राहत घोटाला न्यायिक व्यवस्था पर एक हालिया दाग है। राहत घोटाला अल–कायदा और (26ध्11 के आतंकवादी अजमल) कसाब से भी गंभीर है। केवल एक पार्टी के लोग ही इस घोटाले के लाभार्थी कैसे हो सकते हैं? राउत ने कहा कि विक्रांत निधि ा के हेराफेरी का मामला अभी खत्म नहीं हुआ है। दोषियों को सजा दी जाएगी। रुको और देखो। इससे पहले दिन में न्यायमूर्ति अनुजा प्रभुदेसाई की एकल पीठ ने कहा कि मामले में गिरफ्तारी की स्थिति में सोमैया को 50,000 रुपये के निजी मुचलके पर रिहा कर दिया। जस्टिस प्रभुदेसाई ने सोमैया को मामले में पुलिस की जांच में सहयोग करने का भी निर्देश दिया। साथ ही, सोमैया को 11 से 18 अप्रैल के बीच 4 दिन जांच अधिकारी (प्व्) से पूर्वाह्न 11 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे के बीच संपर्क करने को भी कहा।



# सब्जी व फल मंडी अवैध अतिक्रमण

करनैलगंज(गोंडा)। करनैलगंज की संयुक्त अनाज, सब्जी व फल मंडी अवैध अतिक्रमण से कराह रही है। लाइसेंस धारक व्यापारी परेशान हैं। दुकानों का आवंटन कहीं और व्यापार कहीं और चल रहा है। तमाम आवंटी व्यापारी सरकार को किराया 8 सौ से 1 हजार तक देते हैं और दुकान किराए पर देकर पांच हजार वसूली करते हैं। तथा खुद की दुकान फुटपाथ पर लगाते हैं। अवैध दुकानदारों से अवैध वसूली के चलते चार वर्ष से कार्रवाई न करके नोटिस थमाकर अधिकारी अपना दामन बचा रहे हैं। वहीं लाइसेंस धारक व्यापारी मंडी बनने के बाद से ही समस्या को झेल रहे है। करनैलगंज की मशहूर गल्ला एवं सब्जी की मंडी प्रशासन की लापरवाही पूर्ण नीतियों के चलते अवैध दुकानदारों के अतिक्रमण का शिकार बन गई है। इस मंडी में अनाज एवं लकड़ी के 77 लाइसेंस धारी, सब्जी व फल के 108 लाइसेंस धारी हैं। मगर किसी भी लाइसेंस धारक का व्यापार आवंटित दुकानों में नहीं हो रहा है।

गल्ला व्यापारियों की दुकानें करीब 12 वर्ष पूर्व ही आवंटित कर दी गई हैं। जिसमें व्यापारी सुविधाओं की मांग करते हुए लगातार प्रशासन को पत्र दे रहे हैं मगर उन्हें सुविधाएं मुहैया नहीं कराई जा रही है। इसलिए क्षेत्र के गल्ला व्यापारी मंडी में अपना व्यापार नहीं कर रहे हैं। बल्कि उनको आवंटित की गई दुकानें बंद है और उसका किराया मंडी समिति द्वारा वसूल किया जा रहा है। सब्जी व फल के आढ़ती सदरुद्दीन राइनी, जमील अहमद राइनी, शेषपाल मौर्या, पीर गुलाम राइनी फल आढ़ती, अनिल मौर्या, मोहम्मद अशफाक राइनी का कहना है कि मंडी की हालत बेहद खराब है। यहां सुविधा के नाम पर कुछ नही है। केवल व्यापारियों का शोषण होता है। यहां व्यापार न करें तो व्यापारी कहाँ जाएं। लाइसेंस धारी व्यापारियों से दुकान का किराया वसूला जाता है। उन्हें कोई भी सुविधा नही दी जा रही है। तीन वर्ष पहले मंडी में करीब दो दर्जन नई दुकानें बनाई गई। जिसका आवंटन भी हो चुका है मगर व्यापारी उस दुकान में व्यापार न करके खाली पड़ी जमीन पर टट्टर व छप्पर, टीनशेड के नीचे दुकान चला रहे हैं जिससे मंडी में चौतरफा अवैध तरीके से अतिक्रमण फैला हुआ है। मंडी समिति के अध्यक्ष उपजिलाधिकारी हीरालाल कहते हैं कि जो सब्जी व फल व्यापारी आवंटित दुकानों में व्यापार करने के बजाय अन्यत्र व्यापार करते हैं। इसकी जांच करा ली गई है। व्यापारियों को नोटिस जारी की गई है। स्वतः अवैध कब्जा हटाने के आदेश दिए गए हैं। एक सप्ताह के भीतर यदि व्यापारी अपनी आवंटित दुकानों में नही गए तो बुल्डोजर लगा कर अवैध अतिक्रमण को खाली कराया जाएगा।

# बाबा भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134वी जन्म जयंती में पहुचे नगर विकास मंत्री

गोण्डा। भारतीय जनता पार्टी गोंडा द्वारा बाबा भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134वी जन्म जयंती के उपलक्ष में मनाया जा रहे समरसता दिवस समारोह के निमित्त शहर के गांधी पार्क स्थित संपूर्णानंद प्रेक्षागृह में आयोजित विचार संगोष्ठी के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा का आगमन हुआ।

उनके आगमन पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप की अगुवाई में सरयू मंडल से लेकर के गोंडा तक विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। अपने गोंडा प्रथम आगमन पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री द्वारा अंबेडकर चौराहे पर स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर सर्वप्रथम माल्यार्पण किया गया। उनके साथ जिला अध्यक्ष भाजपा अमर किशोर कश्यप, पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री, विधायक कर्नलगंज अजय कुमार सिंह, विधायक कटरा बावन सिंह, विधायक गौरा प्रभात वर्मा द्वारा भी अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

उसके बाद माननीय मंत्री द्वारा भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय जाना हुआ, जहां पर गोंडा सांसद कीर्ति वर्धन सिंह व विधायक गण विनय कुमार द्विवेदी, प्रभात वर्मा, अजय सिंह, रमापति शास्त्री, बावन सिंह एवं नवनिर्वाचित एमएलसी अवधेश कुमार सिंह मंजू सिंह सहित जिले के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक हुई।

विचार संगोष्ठी कार्यक्रम में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि हमारे देश का संविधान दुनिया के किसी भी संविधान के मुकाबले बहुत ही मजबूत है। यह जितना लचीला है उतना ही कठोर है। इसके लिए भारत की जनता भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की हमेशा ऋणी रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व की सरकारों ने यदि संविधान में लिखी हुई सभी बातों के अनुरूप अपना योगदान दिया होता तो आज हम विकसित देश की श्रेणी में खड़े होते। हमारे समकालीन आजाद हुए देशों की तुलना में विकास के मामले में हम उनसे बहुत पीछे रह गए हैं। हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को अपने माननीय बाबा साहेब के आदर्शों का अनुपालन करना चाहिए।

आज के इस कार्यक्रम का संयोजन व संचालन जिले के उपाध्यक्ष राजेश रायचंदानी के द्वारा किया गया।

विचार संगोष्ठी कार्यक्रम में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री द्वारा जिले के विभिन्न प्रतिष्ठित एवं विद्वान अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# नशे में धुत छात्रों ने मेस कर्मी युवक को पीटा

## घायल मेस कर्मी युवक को इलाज के लिए संयुक्त चिकित्सालय में कराया गया भर्ती

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज परिसर स्थित कालिंदी छात्रावास के दबंग छात्रों ने शराब के नशे में धुत होकर मेस कर्मी की जमकर पिटाई कर दी है। पिटाई से लहूलुहान होकर घायल हुए मेस कर्मी को आनन–फानन में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। मामले में घायल मेस कर्मी युवक ने कुमारगंज थाना पुलिस सहित विश्वविद्यालय के कुलपति को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर उत्पाती छात्रों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की गुहार की है। वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए एक जांच कमेटी गठित कर दी है साथ ही आरोपी छात्र को छात्रावास से निष्कासित किए जाने का भी आदेश दे दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के कालिंदी छात्रावास के मेस का संचालन शिवनाथ पुर गांव निवासी शिव कुमार यादव द्वारा किया जा रहा है। शिवकुमार ने सिधौंना गांव निवासी दलित युवक संतोष कुमार सहित तीन अन्य युवकों को मेस में रसोईया पद पर रखा है। मेस कर्मी युवक संतोष कुमार ने कुलपति एव कुमारगंज थाना पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहे छात्र हेमंत कुमार उनके अन्य साथियों ने बीते शाम मीनू को दरकिनार मुर्गा मीट बनाने का दबाव बनाया दबंग छात्रों के प्रभाव में आकर मेस संचालक ने खाने में मुर्गा मीट बनवा दिया था। संतोष का आरोप है कि शराब के नशे में धुत होकर छात्र हेमंत अपने तीन अन्य अज्ञात साथियों के साथ मेस में खाना खाने आए थे और उससे अभद्रता करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी थी। पिटाई से संतोष कुमार के नाक और सिर पर गंभीर चोट आ गई जिसके चलते वह लहूलुहान होकर घायल हो गया था घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे हॉस्टल वार्डन डॉ जसवंत सिंह एवं विश्वविद्यालय के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी राजेश सिंह ने विश्वविद्यालय कर्मियों की मदद से आनन–फानन में घायल संतोष को इलाज के लिए 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय पिठला पहुंचाया था। बृहस्पतिवार को पीड़ित संतोष कुमार ने कुमारगंज थाने पहुंचकर मामले में आरोपी छात्रों के खिलाफ मुकदमा कायम किए जाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया। इसके उपरांत पीड़ित मेस कर्मी युवक के परिजन उसे लेकर कृषि विश्वविद्यालय पहुंचे और कुलपति के निजी सचिव डॉ जसवंत सिंह को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोपी छात्रों के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार की।

आक्रोशित लोगों को कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुए हॉस्टल वार्डन ने शांत कराया। पीड़ित युवक के परिजनों का आरोप है कि विश्वविद्यालय के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी छात्रों को बचाने में लगे हैं और अलग–अलग अनर्गल बयानबाजी भी कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर थानाध्यक्ष वीर सिंह ने बताया कि घटना कि मेरे द्वारा स्वयं छानबीन की जा रही है। विश्वविद्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता करने के उपरांत मामले में आरोपी छात्रों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। हालांकि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने मामले का संज्ञान लेटे हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण के नेतृत्व में 5 सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है और प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए छात्र हेमंत कुमार को छात्रावास से निष्कासित भी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलश कुमार सिंह ने बताया कि जांच में अन्य दोषी छात्रों का नाम प्रकाश में आते ही उनके भी विरुद्ध विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नगर विकास व ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा का जोरदार स्वागत

करनैलगंज(गोंडा)। करनैलगंज नगर के संतोषी माता मंदिर पर नगर विकास व ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने करनैलगंज नगर में साफ सफाई व नगर पालिका द्वारा धार्मिक स्थलों की उपेक्षा व विकास कार्य एवं क्षेत्र की समस्याओं को लेकर 7 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। मंत्री ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर करनैलगंज विधायक अजय सिंह, मंडल प्रभारी अरूणादत्त मणि त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष आशीष सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बलात्कार के मामले में वांछित अभियुक्त के घर मजिस्ट्रेट व पुलिस फोर्स पहुंची अभियुक्त को हाजिर कराने का दबाव बनाया

गोंडा। बलात्कार के मामले में वांछित अभियुक्त के घर मजिस्ट्रेट की अगुवाई में भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंची और परिजनों से अभियुक्त को हाजिर कराने का दबाव बनाया। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम मुंडेरवा निवासी उपेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रामू सिंह बलात्कार के मामले में वांछित अभियुक्त है। जिनकी तलाश लगातार की जा रही है। उनके द्वारा आत्मसमर्पण न करने की स्थिति में भारी संख्या में पुलिस बल के साथ उनके घर पर दबिश दी गई। जहां वह मौजूद नहीं मिले, उनके परिजनों से अभियुक्त को हाजिर करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि यदि गिरफ्तारी के लिए तलाश नहीं हो सकी या आत्मसमर्पण नहीं किया गया तो वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी। जिसके बारे में परिजनों को अवगत करा दिया गया है।

# दर्जनों अवैध आरा मशीनों पर छापेमारी

शिवदयालगँज (गोंडा) । टिकरी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी विनोद कुमार नायक ने दर्जनों अवैध आरा मशीनों पर छापेमारी की। तरबगंज तहसील के नवाबगंज और वजीरगंज के एक दर्जन से अधिक अवैध आरा मशीन केंद्रों पर वन क्षेत्राधिकारी विनोद कुमार नायक ने छापेमारी की। उन्होंने ने बताया कि मौके पर सभी आरा मशीनें बंद मिलीं। वन क्षेत्राधिकारी ने सभी अवैध आरा मशीनों के संचालन करने वालों को कड़े दिशा निर्देश देते हुए कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप काम करने में ही भलाई है अगर कोई भी आरा मशीन चलते हुए पाई गई तो नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी और मुकदमा दर्ज किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने नवाबगंज और वजीरगंज थाना अध्यक्षों से मिलकर अपने क्षेत्र में अवैध आरा मशीनों के संचालन पर रोक लगाने और कड़ी निगरानी करने की दिशा निर्देश दिए। वन क्षेत्राधिकारी ने क्षेत्र के अगमपुर लौव्वाबीरपुर, मीरपुर, नवाबगंज गिर्द, हतवा, सहित दर्जनों स्थानों पर अवैध रूप से संचालित आरा मशीनों पर छापेमारी की।वन क्षेत्राधिकारी टिकरी विनोद कुमार नायक ने छापेमारी के बाद बताया शासन की मंशा के अनुसार अवैध आरा मशीनों के संचालकों शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# पीएचडी सामान्य प्रवेश ऑनलाइन आवेदन की तिथि विस्तारित

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन तिथि विस्तारित कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन व शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल है। वही दूसरी ओर पीएचडी प्रवेश परीक्षा 22 मई निर्धारित की गई है। पीएचडी प्रवेश के लिए कुल 42 विषयों में ऑनलाइन आवेदन मांगे गये है जिसमें परिसर के 22 एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के 20 विषय शांमिल है। पीएचडी सामान्य प्रवेश परीक्षा के समन्वयक प्रो. फारूख जमाल के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि छात्रहित को देखते हुए कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया की ऑनलाइन आवेदन तिथि विस्तारित कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 22 अप्रैल तक शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। पीएचडी अध्यादेश–2021 के नियमों के तहत परिसर के बायोकेमेस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, भौतिक एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित एवं सांख्यिकी, पर्यावरण विज्ञान, व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता, अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास, इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व, प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, सूचना तकनीकी, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विषय शामिल है। अप्लाइड साइंस में गणित, भौतिकी, प्रबंधन, पर्यावरण विज्ञान एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन, शारीरिक शिक्षा, शिक्षा, समाजकार्य, जनसंचार एवं पत्रकारिता विषय में पीएचडी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। वहीं विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालयों में वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, भौतिकी, वाणिज्य, प्राचीन इतिहास, अर्थशास्त्र, शिक्षा, अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी, मध्यकालीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, संस्कृत, समाजशास्त्र, उर्दू एवं विधि विषयों में पीएचडी के लिए ऑनलाइन आवदेन की प्रक्रिया शुरू है। पीएचडी प्रवेश परीक्षा संबंधी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड है।

# नर्सिंग छात्राओं ने ली मानव सेवा की शपथ

अयोध्या। शहर के चिरंजीव नर्सिंग इंस्टीट्यूट में गुरूवार को पाँचवां वर्ष ए.एन.एम. व जी.एन.एम. की छात्राओं द्वारा लैंप लाइटिंग, शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह में किया गया, जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि लखनऊ की पुलिस अधीक्षक (महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन) रुचिता चौधरी द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया । रुचिता चौधरी ने अपने उदबोधन में कहा कि "नर्सिंग एक ऐसा क्षेत्र है जो सीधे इंसानियत की सेवा से जुड़ा होता है तथा पीड़ित मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है" कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजकीय मेडिकल कॉलेज अयोध्या के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरविन्द कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस तरह दिये को अपने उजाले को फैलाने के लिए कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं होती उसी प्रकार से मनुष्य के खुद किये गए कर्मों से किसी को ज्ञात कराने कि आवश्यकता नहीं होती, कुछ इसी तरह की छवि है इस चिरंजीव हॉस्पिटल एवं नर्सिंग इंस्टिट्यूट की । इस कार्यक्रम में जिला अस्पताल की नर्स मैट्रन निर्मला यादव भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं । कार्यक्रम के दौरान ए.एन.एम. व जी.एन.एम. की नवीन छात्राओं द्वारा लैंप लाइटिंग व शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें छात्राओं द्वारा अपने कार्य के प्रति मानव सेवा हेतु शपथ ली गई । तदोपरान्त नर्सिंग की छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिन्हें वहां बैठे दर्शकों ने खूब सराहा । चिरंजीव नर्सिंग इन्स्टीट्यूट के चेयरमैन डॉ. उमेश चौधरी ने कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि चिरंजीव नर्सिंग इन्स्टीट्यूट लगातार पांचवें वर्ष अग्रसर होते हुए नर्सिंग के क्षेत्र में ऐसी प्रतिभाओं को मेडिकल के क्षेत्र में उतार रहा है जो कि मानव सेवा के लिए सदैव तत्पर है। डॉ. चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा कोरोना महामारी के समय में जिस तरह से सभी ग्रामीण क्षेत्र के डॉक्टर्स ने व कोविड अस्पताल के डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ ने पूरी निष्ठा व लगन से मरीजों कि सेवा कर उनकी जान की रक्षा की है वह बहुत ही सराहनीये था।

इसी क्रम में नर्सिंग इन्स्टीट्यूट की निदेशिका डॉ. जयन्ती चौधरी ने अपने सम्बोधन में छात्राओं से कहा कि आपने अपनी शिक्षा का जो क्षेत्र चुना है वह शिक्षा की सभी विधाओं से ऊपर है, क्योंकि इसमें मानव सेवा शामिल है, प्रशासनिक, सिविल, इंजीनियरिंग सेवा व सरकारी कर्मचारी तो हर व्यक्ति बनना चाहता है, मानव सेवा में वही लोग आते हैं जो जीवन में कुछ अलग हटकर करना चाहते हैं, क्योंकि मानव सेवा ईश्वर की सेवा से भी कठिन है । कार्यक्रम में डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. हरिओम यादव, डॉ. आर. के. बनोधा, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. सुनील चौधरी, डॉ. विष्णु वर्मा, डॉ. जनार्दन यादव समेत शहर के कई डॉक्टर मौजूद रहे । कार्यक्रम के अन्त में वहां आए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए चिरंजीव नर्सिंग इंस्टीट्यूट के प्रबंधक के. पी. मिश्र ने कहा कि हमारा इंस्टिट्यूट नर्सिंग के क्षेत्र में सदैव अग्रसर रहते हुए समाज में नई प्रतिभाओं को सदैव आगे करता रहेगा । कार्यक्रम के दौरान चिरंजीव हॉस्पिटल व नर्सिंग इंस्टिट्यूट के प्रशासनिक अधिकारी रविमणि चौधरी, डॉ. अविनाश साहू, डॉ. सी.पी. गुप्ता, राजेश यादव, भरत प्रकाश सागर, अनिल, विजय, सहदेव, इमरान व प्रधानाचार्य, अध्यापिकायें कामिनी, रिंकी, भावना, श्वेता, कीर्ति, स्वाती, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्रा कृतिका व स्तुति ने किया ।

# सेवानिवृत्ति शिक्षकों को दी गई विदाई

अयोध्या। उसरू अन्तर्गत गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में 15 सेवानिवृत्ति हो रहे शिक्षकों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरु नानक एजुकेशनल सोसायटी के सचिव प्रतिपाल सिंह पाली ने की सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि अवध विश्वविद्यालय के मुख्य नियंता प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया तत्पश्चात मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि अवध विश्वविद्यालय के मुख्य नियंता प्रोफेसर राजा प्रताप सिंह ने कहा आप सभी जो सेवानिवृत्ति हो रहे हैं लगातार कई वर्षों तक गुरु नानक स्कूल खिड़की अलीबेग में अपनी सेवा दी है। कहा कि विद्यालय के बच्चों के विकास में इनका योगदान सराहनीय रहा है।

शिक्षा जगत में शिक्षकों की एक विशेष पहचान है। उनका क्रियाकलाप बच्चों एवं विद्यालय को चिरस्मरणीय रहेगा। कहा कि योगदान एवं सेवानिवृत्त होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। लेकिन अपने कार्यकाल में इन्होंने जिस तरह बेहतर प्रदर्शन किया वह हमेशा अनुकरणीय है। सचिव प्रतिपाल सिंह पाली ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं वे हमेशा समाज के लोगों को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। कहा कि छात्र–छात्राओं का हमेशा सही मार्गदर्शन करते रहे। उनके शिक्षा से लाभान्वित होकर कई छात्र–छात्राओं ने अपना करियर बनाया तथा समाज में एक मिसाल कायम की।सेवानिवृत्ति विदाई समारोह के मौके पर 15 शिक्षकों को उन्हें शॉल, कलम, फूल देकर,स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

गुरु नानक एजुकेशनल सोसायटी के सीईओ अमनदीप सिंह ने कहा कि इस दौरान विद्यालय में अच्छा प्रदर्शन कर रही शिक्षकों शिक्षिकाओं को सम्मानित भी किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों में शगुफ्ता, अनुपम श्रीवास्तव, नूरजहां फरजाना,दुआ, अनीता, उषा चंदोक, अमरजीत, गीता, लता शशि, नीलम, कुसुम पांडे, दीपिका श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# वर्ष 2000 में नामान्तर आदेश निरस्त कर विवादित भूमि को राज्य सरकार के खाते में निहित करने का आदेश पारित पत्रवली ही गायब

गोंडा। वर्ष 2000 में नामान्तर आदेश निरस्त कर विवादित भूमि को राज्य सरकार के खाते में निहित करने का आदेश पारित पत्रवली ही गायब है। जिसकी ऑनलाइन शिकायत की गई है। प्रकरण करनैलगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम बरबटपुर से जुड़ा है। यहां के निवासी मोहम्मद उमर ने मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से आन लाइन शिकायत किया है। जिसमे कहा गया है कि पराग पुत्र श्री खेलावन अनुसूचित जाति का व्यक्ति है। ग्राम बरबटपुर निवासी जाहिर ने जाति छुपाकर बिना सक्षम अधिकारी का परमीशन लिये ही पराग के नाम दर्ज कागजात भूमि को बैनामा करवा लिया। यही नही तथ्य छुपाकर नामांतरण भी करवा लिया। प्रकरण का संज्ञान लेकर नायब तहसीलदार हलधरमऊ ने बीते 18 जनवरी को नामांतरण निरस्त कर दिया और भूमि को राज्य सरकार के खाते में निहित किये जाने के लिये पत्रावली वाद अमलदरामद के लिये भेज दिया। पीड़ित का आरोप है कि वह उक्त आदेश की अंकना कराने के लिये रजिस्ट्रार कानून गो हलधरमऊ से सम्पर्क करता रहा। जिस पर उन्होंने बताया कि पत्रावली नायब तहसीलदार हलधरमऊ के पास है। जिस पर उसने नायब तहसीलदार हलधरमऊ से सम्पर्क किया तो उन्होंने पत्रावली गायब होने की बात कही।

# डॉ. अम्बेडकर मानते थे कि समाज में बदलाव सहज नहीं होताः सुरेश खन्ना

## बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर मांगीपुर में हुई जनसभा

रुदौली–अयोध्या। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर रुदौली विधानसभा के मांगीपुर में जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पुरानी मान्यताओं में जो अच्छा हो उसे सम्हालकर रखना तथा जो अनावश्यक हो उसे हटना डा अम्बेडकर का अभीष्ट था। वह जानते थे कि भारतीय दर्शन के मौलिक सिद्धान्त बहुत उदात्त है। जो समस्त दर्शन मनुष्यों को समान मानता है। करुण, प्रेम, ममता, बन्धुत्व, दया, क्षमा आदि सद्‌गुणों का संदेश देता है। उसका संरक्षण भी आवश्यक है।

उन्होने बताया कि डा अम्बेडकर मानते थे कि समाज में बदलाव सहज नहीं होता है। इसके लिए कई पद्धतियों को अपनाना पड़ता है। भारत में इस स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए संविधान के अनुच्छेद 14 से 18 में समानता का अधिकार का प्रावधान करते हुए समान अवसरों की बात उन्होने कही। उन्होने भारत के संविधान के अनुच्छेद 370 का विरोध किया। जिसको 70 वर्ष बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाप्त कर नया इतिहास रचा। हिन्दू कोड बिल के मसौदे को रोके जाने के बाद डा अम्बेडकर ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। जिसमें भारतीय महिलाओं को कई अधिकार दिये जाने की बात कही गयी थी। उन्होने एक ऐसे राज्य निर्माण की बात कही थी जहां सम्पूर्ण समाज शिक्षित हो। उनका मानना था कि शिक्षा ही व्यक्ति को अंधविश्वास व आडम्बर से दूर करती है। विधायक रामचन्दर यादव ने कहा कि भाजपा समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलती है। गरीबों, शोषितों व वंचितों के उत्थान के प्रति सरकार की योजनाएं समर्पित है। यूपी में भय तथा अपराधमुक्त परिवेश का निर्माण किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के विचारों देश के प्रत्येक व्यक्ति को आत्मसात करना चाहिए। हमें भेदभाव रहित संगठित समाज का निर्माण करना चाहिए। राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का सकारात्मक रुप से निर्वाहन करने के साथ भारत के संविधान के अनुसार ही कार्य करना चाहिए। सकारात्मकता हमें विकास की ओर तथा नकारात्मकता पीछे ले जाती है। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक कसौधन, राघवेंद्र पाण्डेय, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष किशोरी लाल भारती, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष आलोक सिंह रोहित, जिला पंचायत सदस्य राम नेवल लोधी, ग्राम प्रधान सुमन पासवान, मंडल अध्यक्ष विजय शंकर शुक्ला, संतोष मिश्रा और कार्यकर्ता पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा को सांसद आवास पर दी गई भव्य विदाई






दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर जिला अधिकारी रहे दीपक मीणा का शुक्रवार को मेरठ जिला अधिकारी के पद ट्रासंफर कर दिया गया, जिसको लेकर शनिवार को जिला मुख्यालय पर कई जगहों पर जिला अधिकारी का भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल ने अपने आवास पर भव्य तरीके से जिलाधिकारी दीपक मीणा को विदाई दिया साथ ही दीपक मीणा द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर के विकास के लिए दिए गए योगदान के बारे में भी सब को अवगत कराया। जिला अधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि जनपद सिद्धार्थनगर में उनका कार्यकाल काफी अच्छा रहा है लोगों का सहयोग हमेशा मिलता रहा है बुद्ध भूमि को प्रणाम करते हुए दीपक मीणा ने कहा जब भी मौका मिलेगा जनपद सिद्धार्थनगर के विकास के लिए सदैव कार्य करता रहूगां। विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग, जिला पंचायत प्रतिनिधि उपेंद्र सिंह, सुशीला सिंह ,गंगा मिश्रा ,सूजीत जयसवाल, रामकरण गुप्ता ,आशीष शुक्ला, जाहिर सिद्धकी, संयुक्त कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ,सांसद प्रतिनिधि एस0पी0 अग्रवाल सहित जनपद के सैकड़ों बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।




# राजस्व अधिकारियों किसानों की समस्याओं और जमीनी विवादों का निपटारा करने से बच रहे

एम.पी. सिंह/

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद में किसानों के जमीनी विवादों के हजारो शिकायती प्रार्थना–पत्र जो जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को अपनी जमीनी विवादों को हल करने के लिये किया जाता है, उसका तरीका यह है, एस0डी0एम0 या अन्य राजस्व अधिकारी जिन्हें स्वयं उक्त समस्या का निपटारा करना है वह समस्या का निपटारा न कर पुलिस को यह निर्देश देते है, कि कृपया नियमानुसार कार्यवाही करें, पक्षों को सुने और मौके पर शांति व्यवस्था बनाये रहें। शिकायती किसान अपनी खतौनी लेकर एस0डी0एम0 से यह फरियाद करता है कि उसके नाम खतौनी है। और भूमि पर कब्जा अमुक व्यक्ति जबरिया कर रहा है, या उस पर स्थाई निर्माण कर रहा है, इस कार्य के लिये सीधे राजस्व अधिकारी हलका लेखपाल की मदद् से पुलिस बल के साथ उक्त भू–स्वामी की जमीन की पैमाइश करवाकर उस पर नाजायज कब्जेदारों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाकर उसकी गिरफ्तारी करवाकर समस्या का जो 04 घण्टे में अन्त कर सकता था, उसको स्वयं न करके पुलिस से अपेक्षा करता है। पुलिस खेती और भूमि की पैमाइश करेगी नहीं वह दोनों पक्षों को बुलाती है जो नाजायज कब्जेदार है, उससे मोटी रकम ऐंठ कर बिना कब्जा छोड़वाये दोनों पक्षों को 107ध16 सी0आर0पी0सी0 में पाबन्द कर कहानी खत्म कर देती है, और असल काश्तकार 25 से 40 वर्षो तक अपने भू–स्वामित्तव के लिये लड़ता ही रह जाता है। यही हाल मुख्य मंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने पर होती है। समस्या का कभी निराकरण राजस्व अधिकारी नहीं करते और पुलिस को क्या गर्ज है, किसानों के जमीन की पैमाइश करवायें और कौन असल मालिक है, उसका पता लगवायें, यदि वह ऐसा करेगी तो उसे पैसा नहीं मिलेगा और साथ ही उसके कर्तव्यों में कानून और शांति व्यवस्था आती है, तो वह न्यायालय क्यों बनेगा इसी तरह सिद्धार्थनगर का किसान हर हुकूमत में चाहे वह कांग्रेसी हुकूमत हो चाहे वह सपा हुकूमत हो, चाहे वह बसपा हुकूमत हो, या वर्तमान की योगी हुकूमत हो यह ढर्रा बदस्तूर जारी है, रोज जमीनी विवाद में खून खराबा होता है, और किसानों की हत्यायें होती है, लेकिन उसका दोस मूल रूप से इन राजस्व अधिकारियों पर न होकर मारपीट करने वाले को दोषी माना जाता है, जबकि यह स्वाभाविक प्रक्रिया कि यदि कोई हमारे सामान को लाठी–डण्डे से छीनेगा और हमे कानूनी मदद् अधिकारी और पुलिस निष्पक्ष होकर नहीं पहुंचायेंगे तो अन्त में अपनी बचाव में किसान आखिर करेगा तो क्या। आज तक न इस समस्या का निदान जनप्रतिनिधि कर रहे है, और न ही वर्तमान सरकार।

# पुलिस अधिकारी स्व0 प्रवीण सिंह की मनाई गई पुण्य तिथि

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।जनपद मुख्यालय स्थित सांसद जगदम्बिका पाल के आवास पर भारतीय पुलिस सेवा के जांबाज पुलिस अधिकारी




स्व0 प्रवीण सिंह की पांचवी पुण्य तिथि मनाई गई है। इस मौके पर सांसद जगदम्बिका पाल ,पत्नी स्नेहलता पाल आदि ने स्व0 प्रवीण सिंह के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर नमन किया है। सांसद जगदम्बिका पाल ने जांबाज पुलिस अधिकारी स्व0 प्रवीण सिंह के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला है। इस अवसर पर सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ने आदिवासियों के लिए कई जनकल्याणकारी कार्य किये: सांसद जगदंबिका पाल

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपना दीपावली व वंनटानिया मुसहर जाति के बीच में निरंतर मनाते आ रहे






दैनिक बुद्ध का संदेश

उसकाबाजार/सिद्धार्थनगर। विकास खंड उसका बाजार के उसकीया गांव में आयोजित अनुसूचित जनजाति सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि देश का सौभाग्य है कि ऐसा प्रधानमंत्री बना है जिसका जीवन गांव गलियारों और जंगलों में बीता है। उन्होंने गरीबों आदिवासियों के साथ समय बिताया इसलिए प्रधानमंत्री ने आदिवासियों के लिए कई जनकल्याणकारी कार्य किए हैं। 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाले जिलों में बंधन योजना चलाई गई। जिससे समाज के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा पिछली सरकारों ने अनुसूचित जातियों को ठगने का प्रयास किया उन्हें वोट बैंक के रूप में प्रयोग किया गया।उन्होंने कहा जब से केंद्र में मोदी जी की प्रदेश में योगी जी की सरकार आई है अब से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे अनुसूचित जाति जनजाति को मिल रहा बिना भेदभाव सांसद ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपना दीपावली व वंनटानिया मुसहर जाति के बीच में निरंतर मनाते आ रहे हैं इस अवसर पर कपिलवस्तु के विधायक श्याम धनी राही अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला अध्यक्ष रामू गौड़. धर्मेंद्र गौड़. आशीष शुक्ल. दिलीप सिंह. मुरारी सिंह. ओमकार पांडे. चंद्रभान पहलवान. फूलचंद जायसवाल. हेमंत जयसवाल. बाल गोविंद गौड. राम दरस त्रिपाठी. जगदीश जयसवाल. सावित्री गौड. पवन गौड. गणेश गौड. आनंद गौड़. विकास गौड़. सुरेन्द्र पाण्डेय.केसरी गौड़. पकज गौड़. अनूप गौड़. अभय. इन्द्रावती गौड़. तारा गौड. नन्दलाल गौड.बुन्दा गौड़. लक्ष्मी गौड़. शांती देवी. माया गौड. राजेन्द्र गौड़ आदि मौजुद रहे।

# जन कल्याण सेवा संस्थान ने मनाया जयंती समारोह

दैनिक बुद्ध का संदेश

जोगिया/सिद्धार्थनगर। जन कल्याण सेवा संस्थान द्वारा 131वी डा0भीम राव अम्बेडकर जयंती समारोह विकास खण्ड जोगिया के



ग्राम सेमरा खुर्द पोस्ट टंडिया बाजार में मनाया गया। सामाजिक कार्यकर्ता राणा प्रताप सिंह ने माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। जिसमे विशिष्ट अतिथि अर्जुन पासवान प्रबंधक ने भी कैंडल जलाकर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर दीनानाथ पाठक, होली, विजय कुमार मिश्र,श्री राम सोनी पत्रकार ,शिवनारायण बौद्ध के अलावा ायोजक मनोज कुमार प्रबंधक भी डा भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव,हत्या की आंशका

## मृतक अनूप के पास से ढाई लाख नगद रूपया व 70 ग्राम सोना गायब

रवि जयसवाल/

दैनिक बुद्ध का संदेश

जोगिया/सिद्धार्थनगर। कोतवाली क्षेत्र जोगिया के ग्राम पंचायत सजनी के प्राथमिक विद्यालय के पीछे खेत में संदिग्धा परिस्थितियों में एक युवक का शव मिला है। पास में एक पुल पर उसकी बाइक भी खडी पाई गई है। मृतक की पहचान बस्ती के सोनहा थाना बहडीला गांव निवासी अनूप वर्मा पुत्र स्व. प्रभूनाथ वर्मा 20 के रूप में हुई है। मृतक गांव गांव सोनारी का काम करता था। उसकी जेब से सोने की खरीद फरोख्त का हरियोम ज्वैलर्स उष्का बाजार का पर्ची मिला है। सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम व कोतवाली पुलिस मौके पर शव को कब्जे में कर छानबीन में जुटी है। बताया जाता है कि मृतक गुरुवार को उसका थाना क्षेत्र के मदनपुर चुनिहारी में अपने बहन के घर रात्रि रुकने वाला था। दोपहर में दूरभाष से उसके बहनोई शिवाकांत वर्मा से बात हुई थी। वह आया और बहनोई के भाई के साथ कुछ जेवरात खरीदने बाजार चला गया। शुक्रवार को बहनोई के घर लडकी देख देखईया का कार्यक्रम था। उसे रात्रि बहन के घर रुकना था। रात्रि काफी देर तक उसका इन्तजार किया गया। सुबह उसके मौत की खबर मिली।



### कहीं जेवर व पैसे को लेकर तो नहीं की गई हत्या

*मृतक के बहनोई के भाई राम मणि वर्मा ने बताया गुरुवार को मृतक अनूप को मैंने हरिओम ज्वेलर्स उष्का से कुछ जेवर परचेच कराया था उस दौरान मृतक अनूप के पास ढाई लाख नगद रूपया व 70 ग्राम सोना था । जबकि शव के पास न ही पैस ही मिला और न सोना। वहीं मृतक की दस मीटर की दूरी पर स्थित एक पुल पर खड़ी उसकी बाइक मिली। स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा आदि की विधिक कार्यवाही की जा रही है।*

# भटक रहे पक्षियों को राहत देगा एक सकोरा:जेके जायसवाल

## पक्षियों को पानी पिलाना है, उनका जीवन बचाना है

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। भयंकर गर्मी के आसमान और धूप में विचरण करने वाले पक्षियों को राहत कि भटक रहे पक्षियों को राहत देगा एक सकोरा। सभी इस मिट्टी के बर्तन को नियमित रूप से सुबह–शाम भरने का भी कार्य करें। जिससे इस झुलसती गर्मी में बेजुबान पक्षी प्यास से ना तड़पें और अपनी प्यास बुझा सके। गर्मी के दिनों में भूख प्यास से भटकते पक्षियों के लिए थोड़ा सा दाना पानी रखकर हम पक्षियों को बड़ी राहत दे सकते हैं। आप सभी से प्रेरणा लेकर अन्य लोग भी अपने घर की छतों पर मिट्टी के




मौसम में मानव हो पशु–पक्षियों सभी को पानी की तलाश रहती है।

लोगों के लिए तो विभिन्न स्थानों पर प्याऊ व नल के साथ–साथ अन्य व्यवस्था भी रहती है, लेकिन पक्षियों को पानी पीने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में हम सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि सभी पक्षियों के लिए दाना–पानी की उचित व्यवस्था करें, ताकि खुले मिल सके। ऐसे में हम सभी को इन बेजुबान पक्षियों का सहारा बनना चाहिए। और अपने घरों की छतों पर बेजुबान पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे ( मिट्टी के बर्तन) में ठंडा पानी रखना चाहिए उक्त बातें बीएसएन ग्लोबल स्कूल शाहपुर के निदेशक जे.के. जायसवाल ने शुक्रवार को विद्यालय में विद्यार्थियों को मिट्टी के सकोरे वितरित करते हुए कहा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा जल पात्र रखेंगे और नियमित रूप से उसमें पानी भरने का कार्य करेंगे। जिससे आसपास रहने वाले पक्षी इस भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझा सके। विद्यार्थियों ने शपथ लिया कि प्रतिदिन मिट्टी के बर्तन में पक्षियों के पीने के लिए पानी भरते रहेंगे।इस अवसर पर दीपक सिंह, वर्षा श्रीवास्तव, चंद्रमति यादव, कुसुम,सुमन, आदि सहित शिक्षक – शिक्षिकाएं आदि उपस्थित रहे।

# भागवत सुनने से मन को मिलती है शांति कथावाचक: संतोष जी महाराज'

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार । उसका बाजार के परसा खुर्द में श्रीमद भागवत कथा का चौथा दिन है बहुत ही सुंदर भागवत कथा संतोष जी महाराज द्वारा किया जा रहा है महाराज जी श्रीमद भागवत कथा के माध्यम से लोगो को अच्छी अच्छी सीख भी मिल रही है संस्कृत का भी ज्ञान हो रहा है कथा सुनने से मन को शांति मिलती है अगर कोई इंसान दुख में है तो भगवान के शरण में जाए और दिल से प्रभु जी से प्रार्थना करे देखिए मन कैसा आराम मिलता है और अपने माता पिता का सेवा करे संतोष जी महाराज जी के कथा में भक्त ज्यादे संख्या में पहुंचकर कथा सुनते है।



# सम्पादकीय

**200 साल पहले अमेरिका में जो नागरिक असुरक्षा की हालत थी, वह आज भी बनी हुई है। यूरोप के गोरे लोग अमेरिकी धरती पर हथियारबंद हुए बिना पांव ही नहीं रखते थे। आज भी अमेरिका के हर घर में बंदूक और तमंचे रखे होते हैं। अब मांग की जा रही है कि जैसे हवाई जहाज में यात्री लोग बंदूक वगैरह नहीं ले जा सकते हैं, वैसे ही प्रतिबंध ...**

## अमेरिका में हिंसक हमला

न्यूयॉर्क के ब्रूकलिन नामक इलाके में हुए गोलीबारी ने पूरे अमेरिका को थर्रा दिया है। लगभग तीन दर्जन लोग घायल हुए हैं लेकिन गनीमत है कि अभी तक किसी के मरने की खबर नहीं है। इस इलाके में हमारे दक्षिण एशियाई लोग काफी संख्या में रहते हैं। यह हमला ब्रूकलिन के रेल्वे स्टेशन पर सुबह–सुबह हुआ है। अभी तक यह पता नहीं चला है कि यह हमला आतंकवादियों ने किया है या यह किसी सिरफिरे अपराधी की करतूत है। हमलावर ने पहले गैस के गोले छोड़े ताकि सारे वातावरण में धुंधलका फैल जाए और फिर उसने गोलियां चला दीं। जब बहुत शोर मचा तो वह हमलावर भाग निकला लेकिन उसका सामान और वाहन पुलिस के हाथ लग चुका है। उसके क्रेडिट कार्ड से उसका नाम भी मालूम पड़ गया है।

उसका फोटो भी पुलिस ने जारी कर दिया है। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार डॉलर का इनाम भी घोषित हो गया है। अंदाज है कि वह जल्दी ही पकड़ा जाएगा।

अगर वह पकड़ा भी गया और उसने अपना जुर्म भी कुबूल कर लिया तो भी क्या होगा? उसे फांसी पर लटका दिया गया तो भी क्या होगा? क्या इस तरह के जानलेवा अपराधों की संख्या अमेरिका में कभी घटेगी? कभी नहीं। अमेरिका में जितनी हत्याएं हर साल होती हैं, भारत में उससे आधी भी नहीं होतीं। दुनिया का वह सबसे मालदार और सुशिक्षित नागरिकों का राष्ट्र है लेकिन वहां हत्या समेत अन्य अपराधों की संख्या एशिया और अफ्रीका के कई गरीब राष्ट्रों से ज्यादा है। जब तक अमेरिका के शासक और विश्लेषक इस प्रपंच के मूल कारणों को नहीं खोजेंगे, अमेरिका की दशा बिगड़ती ही चली जाएगी।

ब्रूकलिन हमले के बाद न्यूयार्क टाइम्स को दर्जनों लोगों ने कहा कि न्यूयॉर्क शहर हमारे रहने लायक नहीं है। अब से 50–55 साल पहले जब मैं न्यूयार्क में रहा करता था, मेरी अमेरिकी मामी मुझे घर से निकलते वक्त हमेशा मुजरिमों से सावधान रहने के लिए कहती थीं। अमेरिका के बड़े शहरों में आज भी वही स्थिति है।

200 साल पहले अमेरिका में जो नागरिक असुरक्षा की हालत थी, वह आज भी बनी हुई है। यूरोप के गोरे लोग अमेरिकी धरती पर हथियारबंद हुए बिना पांव ही नहीं रखते थे। आज भी अमेरिका के हर घर में बंदूक और तमंचे रखे होते हैं। अब मांग की जा रही है कि जैसे हवाई जहाज में यात्री लोग बंदूक वगैरह नहीं ले जा सकते हैं, वैसे ही प्रतिबंध रेल और बसों में भी लगा दिए जाएं और स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ा दी जाए। ये सब सुझाव अच्छे हैं लेकिन इनसे हिंसाप्रेमी अमेरिकी समाज का स्वभाव नहीं बदला जा सकता। अमेरिका के उपभोक्तावादी समाज में जब तक गहरी आर्थिक विषमता और रंगभेद का वर्चस्व बना रहेगा, इस तरह की हिंसक घटनाएं होती ही रहेंगी। इस तरह की घटनाओं के लिए मानसिक बीमारियां भी जिम्मेदार होती है, जो पूंजीवादी और उपभोक्तावादी समाजों में आसानी से पैदा हो जाती हैं।

## लोकतंत्र क्यों बीमार है?

लोकतंत्र क्यों बीमार है, यह समझने के लिए एक ताजा अध्ययन कई सूत्र उपलब्ध कराता है। इसलिए इस अध्ययन पर गौर किया जाना चाहिए। इस अध्ययन ने मर्ज की नब्ज पर हाथ रखी है। इस अध्ययन रिपोर्ट मे कहा गया है कि ब्रिटेन में लोगों का अपने देश के लोकतंत्र से भरोसा तेजी से उठ रहा है। यह तो अब आम जानकारी की बात है कि पश्चिम ढंग से लोकतंत्र की सेहत ठीक नहीं है। लोकतंत्र के प्रति ऐसे मोहभंग की स्थिति है। हाल के दशकों में तमाम धनी देशों लोगों की ऐसी सोच कई रूपों में जाहिर हुई है। मसलन, मतदान में भागीदारी घटी है, तो कहीं पार्टी सदस्यता में भारी गिरावट आई है। उधर पोपुलिस्ट यानी भड़काऊ नारों के आधार पर सस्ती लोकप्रियता की राजनीति करने वाले नेताओँ के लिए बढ़ा समर्थन बढ़ा है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। इस समझने के लिए एक ताजा अध्ययन कई सूत्र उपलब्ध कराता है। इसलिए इस अध्ययन पर गौर किया जाना चाहिए। कहा जा सकता है कि इस अध्ययन ने मर्ज की नब्ज पर हाथ रखी है। इस अध्ययन रिपोर्ट मे कहा गया है कि ब्रिटेन में लोगों का अपने देश के लोकतंत्र से भरोसा तेजी से उठ रहा है। खास युवा मतदाताओं में ये राह गहराई है कि ब्रिटिश लोकतंत्र देश की जनता के हितों को पूरा करने में नाकाम हो गया है। अब ज्यादातर लोग यह मानते हैं कि राजनीतिक दलों के लिए अब ज्यादा उन्हें चंदा देने वाले धनी तबके और कारोबारी घराने ज्यादा अहम हो गए हैं। थिंक टैंक आईपीपीआर ने अखबार ऑब्जर्वर के सहयोग से यह अध्ययन किया। इस अध्ययन के दौरान सिर्फ छह प्रतिशत मतदाताओं ने कहा कि सरकार जो फैसले लेती है, उसमें उनकी राय को महत्त्व दिया जाता है। इसके उलट 25 प्रतिशत मतदाताओं ने राय जताई कि सरकारों की नीतियों को तय करने में बड़ी भूमिका उन्हें चंदा देने वाले समूहों की होती है। 16 प्रतिशत मतदाताओं ने कहा कि सरकार की नीतियां कारोबारी समूह और बड़ी कंपनियां तय करते हैं। 13 प्रतिशत लोगों ने राय जताई कि सरकार की नीतियां तय करने में मीडिया की प्रमुख भूमिका होती है। जबकि 12 प्रतिशत मतदाताओं ने कहा कि लॉबिंग करने वाले समूहों की प्रमुख भूमिका होती है। चंदा देने समूह, कारोबारी समूह, और लॉबिंग करने वाले समूह लगभग एक जैसे हितों के प्रतिनिधि होते हैं। मीडिया घरानों पर भी इन्हीं तबकों का नियंत्रण होता है। ऐसे में समझा जा सकता है कि ब्रिटिश मतदाताओं में लगभग दो तिहाई यह मानते हैं कि सरकारें कॉरपोरेट घरानों और धनी–मानी तबकों के स्वार्थ के मुताबिक चल रही हैं। जाहिर है, राजनीतिक दलों को लोकतंत्र की मौजूदा हालत पर सोच–विचार करना होगा। नेताओं को आम नागरिकों से फिर से अपना जुड़ाव कायम करना होगा।

## महंगाई के म पर मौन मोदी

**महंगाई का म उनके मुंह से नहीं निकल रहा। लेकिन विश्वबैंक के बोलने पर तो कोई रोक नहीं है। सो उसने बता दिया है कि अभी भारत में जीडीपी और घटेगी। ये भारत के लिए काफी निराशाजनक है, मगर आश्चर्य इस बात का है कि राजनैतिक अस्थिरता से गुजरे पाकिस्तान और आर्थिक रूप से दिवालिया हो चुके श्रीलंका के लिए विश्वबैंक ने जीडीपी बढ़ने का अनुमान जताया है। भारत में पूर्ण बहुमत की ...**

विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत के जीडीपी वृद्धि के अनुमान को घटा दिया है। जनवरी में उसने अनुमान जताया था कि वित्त वर्ष 2023 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत रहेगी लेकिन अब इसे घटाकर आठ प्रतिशत कर दिया गया है। विश्व बैंक का कहना है कि खपत मांग में सुस्ती और रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण बढ़ती अनिश्चितताओं के कारण भारत के जीडीपी वृद्धि अनुमान में कटौती की गई है। घरेलू खपत में कमी और युद्ध के कारण पेश आई समस्याएं तो ताजा कारण हैं, लेकिन इससे पहले पिछले दो सालों में भारत की अर्थव्यवस्था की कमर टूट चुकी है, ये सब महसूस कर रहे हैं। कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए लॉकडाउन का फैसला तात्कालिक तौर पर जितना भी प्रभावशाली लगा हो, मगर उसके घातक परिणाम आज तक देश का आम आदमी भुगत रहा है। अपने दूसरे कार्यकाल में मोदी सरकार ने 5 ट्रिलियन डॉलर यानी 5 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का सपना देश को दिखाया था और 2024 तक इसे पूरा करना संभव भी बताया था। मोदीजी के पहले कार्यकाल में हर खाते में 15 लाख रुपए और हर साल 2 करोड़ रोजगार के जुमलों से जल चुके लोगों ने इस सपने में एक बार फिर अपने अरमान झुलसा लिए। जनता को यह भ्रम हो गया था कि मोदीजी प्रधानमंत्री बने रहेंगे तो देश में विकास हो कर रहेगा। 2019 में सरकार लोगों को यह भरोसा दिलाने में कामयाब हो गई थी कि पांच साल पहले भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 1.85 लाख करोड़ डॉलर था, जो 2019 में 2.7 लाख करोड़ डॉलर हो चुका है, तो अगले पांच सालों यानी 2024 तक इसे दोगुना करना संभव होगा। अर्थव्यवस्था में लगातार बढ़ोतरी केवल बातों से नहीं हुई थी, बल्कि इसके लिए पूर्ववर्ती सरकारों ने सही फैसले लिए थे। मोदीजी ने तो सत्ता में आने के बाद नोटबंदी और जीएसटी जैसे फैसले लिए, जिससे अर्थव्यवस्था और रोजगार को बड़ा झटका लगा। इसके बाद कोरोना के आते ही लॉकडाउन का फैसला मोदी सरकार ने ले लिया, जिसकी वजह से करोड़ों रोजगार खत्म हुए, व्यापार चौपट हुए और एक बड़ी आबादी गरीबी की श्रेणी में आ गई। दो साल में कोरोना ने अर्थव्यवस्था की सांसें उखाड़ दी और सरकार ने राहत पैकेज का आक्सीजन बड़े उद्योगपतियों को दिया, आम जनता के लिए पांच किलो अनाज जीने के लिए काफी मान लिया गया। इन हालात में घरेलू खपत पर असर पड़ना ही था और उसी का नतीजा आज नजर आ रहा है। लोगों की जेब में जब पैसे ही नहीं रहेंगे तो वे खरीदारी किस तरह करेंगे। बाजार का चक्र पूरी तरह टूट चुका है। उस पर हर रोज बढ़ती महंगाई से हालात और बेकाबू हो चुके हैं। विधानसभा चुनावों तक महंगाई पर लगाम लगाकर बैठी सरकार ने अब उसके सारे बंधन तोड़ दिए हैं। पेट्रोल–डीजल, गैस, सब्जी, दूध हर चीज की कीमत बेतहाशा बढ़ गई है। मार्च महीने में खुदरा महंगाई दर 6.95 प्रतिशत रही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस महंगाई को 6 प्रतिशत की सीमा के अंदर रखने का लक्ष्य रखा है। लेकिन मौजूदा महंगाई की दर लगातार तीसरे महीने खतरे के निशान के पार है और लगातार बढ़ रही है। जनवरी महीने में खुदरा महंगाई दर 6.01 प्रतिशत, फरवरी में 6.07 प्रतिशत और अब 6.95 प्रतिशत हो गई है। कोई आश्चर्य नहीं कि अगले महीने हम इसे 7 प्रतिशत के पार जाते देखें। मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 7.68 प्रतिशत हो गई है, जबकि फरवरी 2022 में यह 5.85 प्रतिशत थी। लगभग दो प्रतिशत की इस वृद्धि को आम आदमी बहुत पीड़ा के साथ महसूस कर रहा है। इस महीने सब्जियों की कीमतों में 11.64 प्रतिशत की तेजी देखी गई, जबकि मांस और मछली में 9.63 प्रतिशत और मसालों में 8.50 प्रतिशत की तेजी देखी गई। इसके अलावा ईंधन और ऊर्जा में 7.52 प्रतिशत, कपड़े और जूते में 9.40 प्रतिशत की तेजी आई है। मतलब रोजमर्रा के इस्तेमाल की हर चीज आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही है और जिंदा रहने के लिए उसे इस महंगाई को सहन करना पड़ रहा है। कई घरों में अब सस्ती गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ खरीदे जा रहे हैं, ताकि पेट भी भरे और खर्च थोड़ा कम हो। महंगाई की मार उपभोक्ताओं पर ही नहीं व्यापार पर भी पड़ रही है। अमूमन त्योहारों के मौके पर बाजार में रौनक बढ़ जाया करती थी। लोग जरूरत के अलावा शौक में भी सामान खरीद लेते थे, लेकिन अब इन सारे खर्चों में कटौती हो रही है। कोरोना के बाद संभले हालात में लोगों को उम्मीद थी कि अब व्यापार पटरी पर आएगा, लेकिन महंगाई ने सब कुछ बेपटरी कर दिया है। इन हालात में देश की अर्थव्यवस्था किस तरह 5 ट्रिलियन डॉलर की हो सकती है, ये कोई अनूठा अर्थशास्त्री ही समझा सकता है। हालात विपरीत हैं और अर्थव्यवस्था में अभी हिचकोले खाने पड़ेंगे, इस बात का ऐलान भी प्रधानमंत्री मोदी नहीं कर रहे हैं, बल्कि वे बाकी जरूरी मुद्दों की तरह यहां भी चुप्पी साध कर बैठे हैं। महंगाई का म उनके मुंह से नहीं निकल रहा। लेकिन विश्वबैंक के बोलने पर तो कोई रोक नहीं है। सो उसने बता दिया है कि अभी भारत में जीडीपी और घटेगी। ये भारत के लिए काफी निराशाजनक है, मगर आश्चर्य इस बात का है कि राजनैतिक अस्थिरता से गुजरे पाकिस्तान और आर्थिक रूप से दिवालिया हो चुके श्रीलंका के लिए विश्वबैंक ने जीडीपी बढ़ने का अनुमान जताया है। भारत में पूर्ण बहुमत की सरकार होने के बावजूद अगर आर्थिक वृद्धि के आसार नहीं दिख रहे, महंगाई कम होने की सूरत नजर नहीं आ रही, तो फिर लोगों को अपने फैसले पर विचार करना चाहिए कि आखिर मोदी सरकार कहां चूक रही है, क्यों चूक रही है और इसकी जिम्मेदारी किसकी है।

**टू प्लस टू वार्ता के लिए अमेरिका गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसकी शुरुआत कर दी है। उन्होंने रूस के साथ तेल खरीद बढ़ाने पर सफाई दी। उन्होंने कहा कि भारत जितना तेल रूस से पूरे महीने में खरीदता है, उतना यूरोप एक दोपहर में खरीद लेता है। टू प्लस टू वार्ता से पहले प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रपति जो बाइडेन से हुई वार्ता भी इस लिहाज से अहम है। सो, भारत अगर अपना रुख बदलता है और ...**

## शरीफ से उम्मीद पालना जल्दबाजी होगी

अजीत द्विवेदी

पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से कोई भी उम्मीद पालना जल्दबाजी होगी। वे एक ऐसी सरकार के मुखिया बने हैं, जिसके पास बहुत मामूली बहुमत है और जिसे एक बेहद आक्रामक विपक्ष का सामना करना है। दूसरे, उनके पास अधिकतम सात महीने का समय है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने कहा है कि उसे चुनाव कराने के लिए सात महीने का समय चाहिए। सो, मान कर चलें कि सात महीने में पाकिस्तान में चुनाव होंगे। उन चुनावों में क्या होगा, यह नहीं कहा जा सकता है। लेकिन यह तय है कि नई सरकार सात महीने में होने वाले संसदीय चुनावों को ध्यान में रख कर ही राजनीति और कूटनीति दोनों करेगी। तीसरे, पाकिस्तान की आंतरिक राजनीति का कूटनीति पर बहुत असर होगा। सेना से टकराव, अफगानिस्तान पर राजनीति, अमेरिका विरोध और रूस–चीन धुरी का समर्थन जैसे मुद्दों पर इमरान की सरकार गई है। ये सारे मुद्दे अभी खत्म नहीं हुए हैं। चौथे, पाकिस्तान और भारत दोनों की चिंताएं अलग अलग हैं। भारत की चिंता है कि आतंकवाद खत्म हो और इस क्षेत्र में स्थायी शांति बहाल हो तो पाकिस्तान की चिंता है कि कश्मीर मसला निपटे तभी भारत के साथ संबंध सुधार होगा। सो, भारत को बहुत सोच–समझ कर पाकिस्तान के साथ संबंधों में आगे बढना होगा। चूंकि इमरान खान के कार्यकाल में भारत और पाकिस्तान के संबंध बहुत खराब हो गए थे और संबंध सुधार की कोई पहल नहीं हो रही थी इसलिए ऐसा लग रहा है कि उनके हटते ही दोनों देशों में संबंध सुधार की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, दोनों देशों के बीच कूटनीतिक वार्ता भी शुरू हो जाएगी और स्थायी शांति की दिशा में पहल होगी। लेकिन ऐसा होने का कोई ठोस आधार अभी नहीं दिख रहा है। ध्यान रहे भारत और पाकिस्तान के संबंध इमरान खान के समय जिस मुकाम पर पहुंचे, उसकी शुरुआत नवाज शरीफ के प्रधानमंत्री रहते ही हो गई थी। सोचें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तब के पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के घर गए थे। उससे पहले उनको अपने शपथ समारोह में भी बुलाया था। लेकिन बदले में क्या मिला था? एक के बाद एक सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले हुए थे। दोनों देशों के बीच सतत चलने वाली वार्ताएं उसी समय स्थगित हो गई थीं, जो इमरान खान के समय भी बंद रहीं। जहां तक नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बात है तो वे हमेशा कश्मीर का मुद्दा उठाते रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री चुने जाने से पहले और चुने जाने के बाद दो दिन में दो बार यह दोहराया कि भारत के साथ संबंध सुधार तभी संभव है, जब कश्मीर समस्या हल हो। सोचें, कश्मीर समस्या में क्या हल होना है? यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है। इसलिए कश्मीर समस्या में हल करने जैसा कुछ नहीं है। वहां शांति और लोगों की सुरक्षा भारत का आंतरिक मसला है, जिसे भारत को हल करना है। पाकिस्तान के साथ तो सिर्फ उसके कब्जे वाले कश्मीर के बारे में ही बात होनी चाहिए। फिर बार बार वे क्या कश्मीर मसला हल करने की बात करते हैं? ध्यान रहे प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने से पहले कश्मीर की चर्चा का मतलब यह है कि वे अंदरूनी राजनीतिक मजबूरियों से ही निर्देशित होंगे। अगर उनकी पार्टी को अगले चुनाव में जीतना है तो कश्मीर मसला उठाना उनकी मजबूरी है। वे खुद कहते रहे हैं कि श्कश्मीर को अपना बना कर रहेंगेत्र। सो, तय मानें कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान की राजनीति में कश्मीर का बहुत ज्यादा जिक्र होगा। वे जिन तीन पार्टियों के गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं उनके लिए भी कश्मीर हजार साल लडने का मुद्दा रहा है। आसिफ अली जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और मौलना फजलुर्रहमान की पार्टी जमात ए उलेमा ए इस्लाम के समर्थन से वे प्रधानमंत्री बने हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि इन पार्टियों का भारत के प्रति क्या रुख रहा है। फजलुर्रहमान कट्टरपंथी नेता हैं। ऊपर से इमरान खान ने भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई करके तीनों बड़ी विपक्षी पार्टियों को एक कर दिया है। भारत की केंद्रीय एजेंसी ईडी जैसी पाकिस्तानी एजेंसी नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो यानी नैब का इमरान ने खूब इस्तेमाल किया और कई विपक्षी नेताओं पर शिकंजा कसा। सो, इमरान को रोकने के लिए तीनों पार्टियां साथ ही रहेंगी और तब शरीफ को अपने दोनों सहयोगियों के एजेंडे का भी ख्याल रखना होगा।

इमरान खान के प्रधानमंत्री रहते पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के तब के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद काबुल गए थे और तालिबान की सरकार का मंत्रिमंडल बनवाने और विभाग बंटवाने में उनकी अहम भूमिका रही थी। खूंखार आतंकवादी संगठन हक्कानी नेटवर्क के सिराजुद्दीन हक्कानी को अफगानिस्तान का गृह मंत्री बनाया गया। पाकिस्तानी सेना ने अब लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम को आईएसआई का प्रमुख बना दिया है लेकिन क्या नई सरकार में पाकिस्तानी सेना और आईएसआई का तालिबान से संपर्क खत्म हो जाएगा? इमरान खान बतौर प्रधानमंत्री उस दिन रूस गए थे, जिस दिन रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। हमलावर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ खड़े होकर उन्होंने रूस–चीन की धुरी का समर्थन किया था। अब पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी चीन को सबसे वफादार दोस्त बताया है। सोचें, प्रधानमंत्री पद पर नए व्यक्ति के आने के अलावा पाकिस्तान की राजनीति और कूटनीति में क्या बदला है, जो भारत किसी बदलाव की उम्मीद करे? ऐसा लग रहा है कि इमरान खान के हटने के बाद अमेरिका के साथ पाकिस्तान के संबंधों में सुधार आ सकता है। शहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री चुने जाते ही अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ अपने पुराने संबंधों की याद दिलाते हुए अच्छे संबंध की उम्मीद जताई। ध्यान रहे इमरान खान ने अमेरिका से अपने संबंध काफी खराब कर लिए थे। उन्होंने अपनी सरकारी गिरने के लिए सीधे तौर पर अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि अमेरिका इससे इनकार करता रहा है। यह देखना दिलचस्प होगा कि नए प्रधानमंत्री रूस–चीन की धुरी के प्रति वफादारी दिखाते हुए अमेरिका के साथ संबंध कैसे निभाते हैं। पाकिस्तान अभी जिस तरह के आर्थिक संकट में है उसे रूस व चीन नहीं, बल्कि अमेरिका ही निकाल सकता है। अगर शरीफ परिवार अमेरिका से संबंध सुधार करता है तो ऐसी स्थिति में भारत को भी अपनी कूटनीति में कोर्स करेक्शन करना होगा। यूक्रेन पर रूसी हमले के मामले में भारत अपने को तटस्थ दिखाता रहा है लेकिन असल में दुनिया उसे रूस के साथ देख रही है। भारत को यह धारणा बदलनी होगी। टू प्लस टू वार्ता के लिए अमेरिका गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसकी शुरुआत कर दी है। उन्होंने रूस के साथ तेल खरीद बढ़ाने पर सफाई दी। उन्होंने कहा कि भारत जितना तेल रूस से पूरे महीने में खरीदता है, उतना यूरोप एक दोपहर में खरीद लेता है।



## ईएमटी की सूझबूझ से एंबुलेंस में गर्भवती ने जना बच्चा

देवरिया। रामपुर कारखाना ब्लाक के चंद्रभान अमतही गांव के निवासी एक गर्भवती को प्रसव पीड़ा होने पर इएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) ने रात आशा कार्यकर्ता व चालक के सहयोग से एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया। जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित व स्वस्थ हैं। गांव निवासी राकेश सिंह की पत्नी शशिप्रभा उम्र 27 वर्ष को प्रसव पीड़ा होने के बाद एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जा रहा था। रास्ते में रामपुर चंद्रभान गांव के पास उनकी प्रसव पीड़ा बढ़ गई। इसके बाद एंबुलेंस चालक संतोष व इएमटी रामप्रवेश ने काफी सूझबूझ से आशा कार्यकर्ता इंदू देवी की मदद से सुरक्षित प्रसव कराया और जच्चा बच्चा को स्वस्थ हालत में सीएचसी रामपुर कारखाना पहुंचाया, जहां दोनों भर्ती हैं। शशिप्रभा के पति राकेश सिंह ने बताया कि रात दो बजे शशिप्रभा को प्रसव पीड़ा हुई। राकेश ने तत्काल इसकी सूचना गांव की आशा कार्यकर्ता इंदू देवी को दिया। आशा कार्यकर्ता ने इसकी सूचना मोबाइल से 102 नंबर एम्बुलेंस को दिया और सूचना मिलने के 15 मिनट बाद एंबुलेंस पहुंच गई। स्वजन ने सुरक्षित प्रसव कराने पर एंबुलेंस कर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। अब तक 31 महिलाओं का कराया सुरक्षित प्रसवः एंबुलेंस सेवा के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर अर्पित त्रिपाठी ने बताया जनवरी 2021 से अब तक 31 महिलाओं का आपात स्थिति में सुरक्षित प्रसव इएमटी, आशा कार्यकर्ता और पायलट की सूझबूझ से एंबुलेंस में कराया गया है। सभी जच्चा बच्चा स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस में ड्यूटी करने वाले इएमटी को हैदराबाद में प्रशिक्षण दिया जाता है।

## शार्ट सर्किट से लगी आग, 100 बीघा गेहूं की फसल जली

देवरिया। क्षेत्र के असनहर में विद्युत शार्ट सर्किट से दोपहर लगी आग से 100 बीघा गेहूं की फसल जल गई। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। सूचना पर पहुंची राजस्व टीम ने नुकसान का ब्यौरा बना तहसीलदार को सौंप दिया। दोपहर को गांव के इंदल निषाद के खेत में अचानक शार्ट सर्किट से आग पकड़ ली। आग की लपटें निकलता देख आसपास के लोग पहुंचे और आग को बुझाने में जुट गए। तेज धूप व हवा के चलते आग बढ़ती ही गई और आसपास के खेतों में खड़ी फसल में भी आग पकड़ ली। एक घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक प्रेम पांडेय, दलश्रृंगार यादव, मुरलीधर सिंह, कन्हैया सिंह, रामनारायण सिंह, कमल नारायण पांडेय, इंदल निषाद, भगवानी निषाद, अंगद सिंह, ठगाई निषाद, इसराइल अंसारी, दीना शंकर, अब्दुल अंसारी, कादिर अंसारी, अहमद अंसारी, हृदयानंद सिंह, कीर्तिवर्धन सिंह, मुन्ना यादव, विश्वम्भर यादव, मतीमा यादव, सरवन यादव, सुजीत यादव, तारा यादव, नंद कुमार पांडेय, बिहारी बारी, राजेंद्र मद्धेशिया, मोहन मद्धेशिया, सूरज मद्धेशिया, उग्रसेन सिंह, सुखारी सिंह, बालानंद सिंह, रेखा, शिवप्रसाद, सुभाष गोंड, बेचन, श्रीराम, रेखा, अदालत समेत अन्य की भी फसलें जल गईं।

## आग से छह बीघा गेहूं की फसल जली

देवरिया। क्षेत्र के दो स्थानों पर लगी आग से छह बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। सूचना पर पहुंची राजस्व टीम ने नुकसान का ब्यौरा बना तहसीलदार को सौंप दिया। बघौचघाट के दक्षिण नहर के पास व आनंद नगर गांव में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक साधू शरण प्रसाद, रामनाथ प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, जयमंगल गुप्ता, झींगुर गुप्ता की फसल जलकर स्वाहा हो चुकी थी। करौंदी बाजार संवाददाता के अनुसार बरियारपुर थाना क्षेत्र के गौर कोठी के धरपुर में आग लगने से सात बीघा गेहूं की फसल जल गई, जिसमें देवेंद्र सिंह, रामकृपाल सिंह, रामाशीष सिंह, शंभू यादव, गामा, उदयभान खरवार, जीत नारायण खरवार, रमेश, रामध्यान समेत 11 किसानों की फसल शामिल हैं। क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में आग लगने से ठंडल जल गया। ग्रामीणों के प्रयास से आग को बुझाया गया। पकड़ी बाजार संवाददाता के अनुसार मदनपुर थाना क्षेत्र के ठाकुरदेवा, जद्दू परसिया व रुद्रपुर कोतवाली के फतेहपुर में लगी आग से गेहूं की फसल व डंठल जल गया। ग्रामीण व अग्निशमन टीम के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका।

## महिला ने लगाया मतांतरण व प्रताड़ित करने का आरोप

महराजगंज। थानाक्षेत्र के चकदह निवासी सरिता ने तहरीर देकर गांव के युवक पर उनकी बेटी को परेशान करने व मतांतरण कराने के प्रयास का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि पति बाहर काम करने गए हैं। वह बेटियों के साथ घर पर रहती हैं। कुछ दिनों से गांव का एक व्यक्ति उनकी नाबालिग पुत्री के मतांतरण का प्रयास कर रहा हैं। इस बाबत समझाने पर आरोपित कुछ मानने को तैयार नहीं है। फोन पर अपशब्द बोलता है। मंगलवार को स्कूल से घर आ रही बेटी को रास्ते में रोककर युवक जबरन एक मोबाइल देने का प्रयास करने लगा, नहीं लेने पर गला काटकर फेंकने की धमकी दी। इसके बाद डरी हुई बेटी ने मोबाइल ले लिया। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। मतांतरण का मामला नहीं है। जांच करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## पशुओं को ब्रूसेलोसिस रोग से बचाएगा टीका

महराजगंज। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पशुओं में ब्रूसेलोसिस रोग से बचाव के लिए जिले के 21468 पशुओं को टीका लगाया जाएगा। इसके लिए विभाग ने अभियान शुरू कर दिया है। अब तक 550 पशुओं (बछिया) को टीका लगाया जा चुका है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अरविद कुमार अग्रहरि ने कहा कि पशुपालक अपने चार माह से आठ माह के बछिया को ब्रूसेलोसिस रोग से बचाव का टीका जरूर लगवाएं। यह टीका सभी पशु अस्पतालों पर निश्शुल्क उपलब्ध है। ब्रूसेलोसिस रोग से ग्रसित पशुओं में सात से नौ माह के गर्भकाल में गर्भपात हो जाता है। पशुओं में जेर का रुकना एवं गर्भाशय की सूजन, एवं नर पशुओं में अंडकोष की सूजन इस रोग के प्रमुख लक्षण है। पैरों के जोड़ों पर सूजन आ जाती है। प्रत्येक विकास खंडों में पशु चिकित्सालय पर टीकाकरण की व्यवस्था की गई है।

## विभिन्न रोगों से बचाव के लिए 435 टीके लगे

महराजगंज रू स्थानीय तहसील क्षेत्र के सीमावर्ती बाढ़ प्रभावित गांवों में बीते एक सप्ताह में हुए 29 भैंसों की मृत्यु के बाद पशुपालन विभाग सक्रिय हुआ है। . एक टीम ग्राम गेड़हवा पहुंची। जहां जांच के बाद विभिन्न लक्षणों वाले 435 पशुओं को अलग–अलग बीमारी के लिए टीका लगाया गया। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के गांवों में बीते दिनों बाढ़ आने के कारण पशुओं के लिए रखे गए पुआल व भूसा भीग गया था, जिसे बाढ़ समाप्त होने के बाद लोग सुखाकर पशुओं को खिलाने लगे। चारे में फंगस के कारण पशुओं में डेगनाला (गैंगरीन) रोग फैलने लगा है। ग्राम गेड़हवा में पशुओं की जांच की गई, जिसमें खुर पकने के लक्षण मिलने पर 45 पशुओं को डोरामेकटिन का टीका लगाया गया। इसके साथ ही गलाघोंटू रोग से बचाव के लिए दो सौ पशुओं को एचएस टीका, 40 छोटे पशुओं को ब्रूसेलोसिस का टीका लगाया गया। जबकि पेट में कीड़ी की समस्या को देखते हुए 150 पशुओं को डिवार्मर की खुराक दी गई। गांव में पशुपालकों को जागरूक किया गया। स्वास्थ्यकर्मी अशोक यादव, चंद्रभान, नूर मोहम्मद, जोखू प्रसाद, लल्लन यादव व किशन पटेल रहे।

# उल्टी–दस्त व बुखार से बीमार हो रहे बच्चे

देवरिया। अचानक मौसम में आए बदलाव का असर बच्चों में सबसे ज्यादा देखने को मिल रहा है। दिन में तेज धूप, गर्मी के कारण बच्चे उल्टी, दस्त व बुखार की चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल का पीआइसीयू व चिल्ड्रेन वार्ड के सभी बेड भरे हुए हैं। एक बेड पर दो–दो बीमार बच्चों को लिटा कर उपचार किया जा रहा है। बीमार बच्चों की संख्या कम होने की बजाय लगातार बढ़ रही है।

बच्चे को सबसे पहले उल्टी व दस्त के साथ बुखार हो रहा है। हाल यह है कि पीआइसीयू का 15 बेड व चिल्ड्रेन वार्ड में 20 बेड भरा हुआ है। पीआइसीयू में एक बिस्तर पर दो–दो रोगियों को भर्ती कर उनका उपचार किया जा रहा है। भर्ती रोगियों के स्वजन ने बताया कि कुछ दवाएं खरीदनी पड़ रही है अन्य दवाएं अस्पताल से मिल रही हैं।

इन बीमार बच्चों को भर्ती कर किया जा रहा उपचार

उल्टी, दस्त व बुखार से पीड़ित बच्चों में मेहड़ा पुरवा की सुहानी उम्र चार वर्ष पुत्री चन्द्रशेखर , डेढ़ वर्षीय दीपू पुत्र देवानंद बैकुंठपुर, रियांश उम्र पांच माह पुत्र वीर बहादुर, सलेमपुर, अदिति उम्र दो वर्ष पुत्री सत्यदेव पांडेय, कुसहरी, पुलकित उम्र छह माह पुत्र प्रदीप, पिपरामदन गोपाल, श्रुति उम्र डेढ़ वर्ष पुत्री संजय पांडेय, तिलई बेलवा, कुंती उम्र छह माह पुत्री प्रमोद, मैरवा, सिवान, युवराज उम्र तीन माह पुत्र राजेश, उरदौली, शिवानी उम्र डेढ़ वर्ष पुत्री विनोद, पुरवा चौराहा समेत 24 बच्चे भर्ती हैं।

बचाव के लिए क्या करें

जिला अस्पताल के शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ डा. एचके मिश्र ने बताया कि इन दिनों उल्टी, दस्त व बुखार से बच्चे बीमार हो रहे हैं। इसमें सावधानी अति आवश्यक है। बचाव के लिए बच्चों को धूप में न खेलने दे, साफ सफाई का विशेष ध्यान दें। स्वच्छ पानी पिएं, हाथ धुलकर ही बच्चों को खाना खिलाए, घर से जब भी बच्चे को बाहर निकाले उसे पानी पिला कर ही बाहर ले जाए। बासी भोजन का सेवन कदापि न करें। घर में बना ताजा पका भोजन दें। बाहर की खाद्य सामग्री बिल्कुल न खिलाएं। हल्का व सुपाच्य भोजन बच्चों को दें। उल्टी, दस्त होने पर जीवन रक्षक घोल दें और तत्काल चिकित्सक को दिखाएं।

डा. एएम वर्मा, सीएमएस ने बताया कि बच्चों के लिए वार्ड में उपचार की बेहतर व्यवस्था है। चिकित्सकों को बच्चों के बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिए गए हैं। मौसम के चलते बच्चे बीमार हो रहे हैं। ऐसे मौसम में बच्चों को लेकर सावधानी रखना आवश्यक है।

# भगवान पुष्पदंत मंदिर में धूमधाम से मनाई गई महावीर स्वामी की जयंती

देवरिया। जैन धर्म के नौवें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत नाथ धाम मंदिर काकंदी खुखुंदू में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। भजन, कीर्तन से समूचा माहौल भक्तिमय हो गया। सुबह भगवान का पूजन कर जलाभिषेक, पंचामृत, अष्टद्रव्य, जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, धूप, फल आदि चढ़ाया गया। इसके बाद आरती की गई।

शाम को भजन संकीर्तन के बाद पूजन के बाद आरती की गई। इस दौरान पुजारी व वक्ताओं ने कहा कि महावीर मानव सभ्यता के संस्थापक हैं। सभी तीर्थंकर का गुण एक ही है। जैन धर्म में गुण और गुणी की पूजा होती है, जिसमें प्रधानता गुण की है। गुण के कारण गुणी की पूजा की जाती है। महावीर स्वामी ने जियो और जीने दो का मंत्र दुनिया को दिया और उसे अमल में लाया गया। कहा कि आपस में एक दूसरे का सहयोग सभी को करना चाहिए। स्वामीजी ने अहिसा परमोधमर्रू का मार्ग प्रशस्त किया। वक्ताओं ने कहा कि हमारा पांच सिद्धांत है–सत्य, अहिसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य, अस्तेय अर्थात मद्य, मांस, मधु, त्रय का प्रथम पूर्ण वारण करना, त्याग करना है, जबकि सत्य, अहिसा अपरिग्रह ब्रह्मचर्य अस्तेय को धारण करता है। यह गृहस्थ जीवन के साथ आंशिक रूप से अपनाया जाता है, जबकि साधु लोग अरिहंतो को, सिद्धों को, आचार्यों को, उपाध्याय को तथा सभी साधुओं को नमस्कार करने का संदेश देते हैं। प्रबंधक बसंत जैन, प्रदीप जैन, हेमलता जैन, शिल्पी जैन, ऋषभ जैन, सनमती नमन जैन, अमन जैन आदि मौजूद रहे। महावीर स्वामी कहते हैं खुद पर विजय प्राप्त करना, लाखों शत्रु पर विजय पाने से बेहतर है, आपकी आत्मा से परे कोई भी शत्रु नहीं है। असली शत्रु अपने भीतर रहते हैं, वे शत्रु हैं–लालच, द्वेष, क्रोध, घमंड आसक्ति और नफरत। महावीर स्वामी हमें स्वयं से लड़ने की प्रेरणा देते हैं, वे कहते हैं कि स्वयं से लड़ो बाहरी दुश्मन से क्या लड़ना, जो स्वयं पर विजय प्राप्त कर लेगा, उसे आनंद की प्राप्ति होगी। बसंत जैन प्रबंधक, मंदिर समिति प्रदीप कुमार जैन, पुजारी ने बताया कि महावीर स्वामी कहते हैं जीवन का शुभारंभ शुभ से करो, जियो और जीने दो, शाकाहारी बनें, मांस का परित्याग करें, एक दूसरे का सहयोग करें। भगवान का जन्म चौत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को 527 ईसा पूर्व में कुंडलपुर बिहार में हुआ था। उन्होंने कहा था कि भाव और द्रव्य दो तरह की हिसा है। भाव हिसा विचारों से कष्ट पहुंचाना है और द्रव्य हिसा डंडा हथियार से कष्ट पहुंचाना है इन दोनों से मनुष्य को मुक्त करना होगा।

# अभियान में 27 वाहनों पर लगा रिफ्लेक्टर

महराजगंज। यातायात नियमों का पालन कराने के लिए जिले में वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने का अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान महराजगंज–फरेंदा मार्ग पर सहायक संभागीय अधिकारी (प्रशासन) आरसी भारतीय के नेतृत्व में 27 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया। दरअसल जिले में बिना रिफ्लेक्टर टेप लगे धड़ल्ले से वाहन चल रही हैं। इसे लेकर जिला प्रशासन सख्त है। डीएम के निर्देश पर सहायक संभागीय अधिकारी मय टीम वाहनों की जांच पर निकले। इस दौरान ट्रका, ट्रैक्टर ट्राली और पिकअप सहित कुल 27 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाया। उन्होंने कहा कि रेडियम टेप लगे वाहन का रात में भी आसानी से पता जल जाता है। इस रेडियम टेप पर जब लाइट पड़ती है, तो यह चमकने लगता है, जिससे पता जल जाता है कि आगे कोई वाहन चल रहा है। इससे दुर्घटना की आशंका कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। 18 अप्रैल तक सभी वाहनों को इसे लगवा लेने का सुझाव दिया गया है। अन्यथा इसके बाद वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

पिकअप से तीस गत्ता तेल चोरी

महराजगंज । यहां चौराहे पर किराना व्यवसायी की दुकान के सामने पिकअप पर लदे सामान में से 30 गत्ता तेल चोरों ने उड़ा दिए। मुजुरी चौराहा निवासी सजन जायसवाल ने पुलिस चौकी मुजुरी पर तहरीर देकर बताया कि वह रात्रि में गोरखपुर से किराना का सामान खरीद कर पिकअप पर लादकर मुजुरी दुकान पर आए। रात में लेबर न मिलने के कारण किराने का सामान नहीं उतर पाया। पिकअप को ढककर रस्सी से बांधकर दुकान के सामने लगा दिया। . रात अज्ञात चोरों ने रस्सी को काटकर तीस गत्ता बैल कोल्हू और चक्र के दो लीटर सरसों का तेल वाला चुरा लिया। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाए। चौकी प्रभारी अरूण कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# आग से दौ सौ एकड़ गेहूं की फसल जली

महराजगंज। श्यामदेउरवां क्षेत्र के पचदेउरी गांव में हाईटेंशन तार के शार्ट सर्किट से लगभग दो सौ एकड़ गेहूं की फसल जल गई। फायर ब्रिगेड की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने पर किसानों ने नाराजगी जताई। मंगलपुर, श्यामदेउवा संवाददाता के अनुसार दोपहर करीब एक बजे से पचदेउरी में आग लग गई। आग देखते–देखते रामपुर उपाध्याय, मोतीपुर,धनहा नायक गांव में पहुंच गई और खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलने लगी। ग्रामीण आनन–फानन बचाव में जुटे, लेकिन आग पर काबू पाने में सफल नहीं हो पा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची, लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी समय से न पहुंचने पर लोगों ने नाराजगी जताई। कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। परतावल के ब्लाक प्रमुख आनंद शंकर वर्मा ने सभी को शासन से मदद दिलाने की बात कही। साथ ही कहा कि बिजली की बदहाल व्यवस्था जल्द ही दुरुस्त कराई जाएगी। आग लगने से पंचदेउरी के विमलेश पटेल, रामबहाल चौरसिया, सुरेश, विश्वनाथ गुप्ता, गोविद पटेल, गंगाधर उपाध्याय, श्याम बदन उपाध्याय, एहसान, हरिओम यादव समेत दर्जनों किसानों की गेहूं की फसल जल गई। भिटौली संवाददाता के अनुसार घुघली क्षेत्र के पकड़ी विशुनपुर टोला बेलहिया व जगदीशपुर में अज्ञात कारणों से गेहूं की खेत में आग लगने से पकड़ी विशुनपुर निवासी मैनुद्दीन, मोहम्मदीन ,मिठाईलाल ,मिनहाज , गुड्डम, गौतम, इजहार, विजय पाल व जगदीशपुर निवासी समीउद्दीन, जाहिद की छह एकड़ गेहूं जल गई। आरपीएफ व पुलिस ने किया भ्रमण महराजगंज रू श्यामदेउरवा थानाक्षेत्र के बड़हरा बरईपार व परतावल में आरपीएफ व पुलिस ने पैदल मार्च कर क्षेत्र का जायजा लिया। लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान सीओ अमिताभ कुमार, एसआइ मृत्युंजय उपाध्याय, असिस्टेंट कमांडेंट रैपिड एक्शन फोर्स प्रेम कुमार, इंस्पेक्टर विपिन कुमार राय के साथ स्थानीय पुलिस एवं रैपिड एक्शन फोर्स के जवान मौजूद रहे।

# एससी–एसटी के मुकदमों के पीड़ितों से मिले अफसर

महराजगंज। अनुसूचित और अनुसूचित जन जाति के लोगों की सुरक्षा और एससी–एसटी एक्ट के मुकदमों पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर आंबेडकर जयंती पर पुलिस थानों पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदर कोतवाली में एसपी प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में मुख्य कार्यक्रम का हुआ, जहां आमंत्रित पीड़ितों ने अपनी समस्याएं सुनाई , तो एसपी ने मातहतों को त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। सदर कोतवाली में पिछले पांच वर्षों में दर्ज हुए एससी–एसटी एक्ट के मुकदमों के पीड़ितों को आमंत्रित किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने समस्याएं सुनी। एसपी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है, कि मुकदमों की प्रगति देखते हुए अपराधियों को सजा दिलाई जाए। साथ ही वादी पक्ष को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका भी ध्यान रखा जा सके। इस अवसर पर सदर कोतवाल रवि कुमार राय, अनिल कुमार यादव, महेंद्र यादव के अलावा 86 वादी भी मौजूद रहे। नौतनवा संवाददाता के अनुसार नौतनवा थाने पर उप जिलाधिकारी रामसंजीवन मौर्य की अध्यक्षता में गोष्ठी और सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान सीओ कोमल प्रसाद मिश्र, इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय, सब इंस्पेक्टर पूनम यादव, सुशीला, सावित्री, राजमती, राजेंद्र कुमार, गौरी शंकर, सर्वेश गौतम, सभासद गुड्डू खान, झुल्लूर कुरैशी, विष्णु प्रसाद, डाक्टर अमित साहनी आदि उपस्थित रहे। ठूठीबारी संवाददाता के अनुसार कोतवाली में थानाध्यक्ष संजय दुबे ने सुनवाई की। इस अवसर पर उपनिरीक्षक अरुण दुबे, विजय कुमार द्विवेदी, अभय शंकर सिंह उर्फ बबलू सिंह, भवन प्रसाद गुप्त, रमेशचंद गौतम, राजदेव गौतम, महेश गौतम, अजय कुमार, परदेशी आजाद, पवन साहनी, कमलेश गौड़, पवन चौधरी, रुपनरायन, मनोज कुमार, अजय जायसवाल, नरेश पासवान, भक्त राज चौहान आदि मौजूद रहे। आंधी व बारिश के साथ पड़े ओले महराजगंज रू क्षेत्र में कुछ स्थानों पर सुबह छह बजे अचानक गरज चमक के साथ हुई हल्की ओलावृष्टि ने गेहूं की कटाई में जुटे किसानों को मुश्किल में डाल दिया ,लेकिन राहत की बात यह रही कि कुछ देर की बारिश व ओलावृष्टि के बाद मौसम सामान्य हो गया। सुबह बरगदवा व परसामलिक क्षेत्र के कुछ गांवों में बूंदाबांदी के बाद शुरु हुई ओलावृष्टि से किसान परेशान हो उठे । झिगटी गांव के किसान दिनेश मौर्य व असुरैना के जनार्दन प्रजापति ने बताया कि क्षेत्रीय गांवों के किसान गेहूं की फसल की कटाई में जुटे हैं । इसी बीच अचानक मौसम के बदले मिजाज ने सभी को मुश्किल में डाल दिया था। ओले पड़ गए।

## कंबाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

बस्ती। सोनहा थाना क्षेत्र के बारहकोनी गांव में गेहूं की कटाई के दौरान कंबाइन मशीन की चपेट में आकर युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्वजनों द्वारा पोस्टमार्टम कराए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। सोनहा थाना क्षेत्र के लोढ़वा गांव के सीवान में कंबाइन मशीन द्वारा गेहूं की कटाई की जा रही थी। इसी दौरान थाना क्षेत्र के बारहकोनी निवासी यमुना प्रसाद 18 पुत्र लाल बहादुर मशीन पर चढ़ने लगा कि गले का गमछा खुलकर मशीन में फंस गया। जब तक मशीन रुकती तब तक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया व उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दिवंगत दो भाइयों (गंगा प्रसाद) में दूसरे नम्बर का था। प्रभारी थानाध्यक्ष राम देव ने बताया कि स्वजनों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई व शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे कोई कार्रवाई नहीं चाहते थे।

## डीजे बजाने गया युवक की अंबेडकर पार्क मिला शव,

बस्ती। रुधौली थाना क्षेत्र के हटवा बाजार का युवक अंबेडकर जयंती के अवसर पर गुरुवार की शाम डीजे बजाने हेतु भीटा माफी गांव के अंबेडकर पार्क के पास गया था।कि सुबह उसका शव भीटा माफी के चौकीदार द्वारा अंबेडकर पार्क के पास देखा जिसकी सूचना रुधौली पुलिस को दिया मौके पर पहुची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रुधौली थाना क्षेत्र के हटवा बाजार के 40 वर्षीय विश्वनाथ पुत्र बुद्धू जो गांव के लाल मुन्ना के डीजे पर काम करता था। जिसका बुकिंग अंबेडकर जयंती के अवसर पर भीटा माफी गांव में हुआ था।स्वजनों ने बताया कि विश्वनाथ खाना खाने हेतु शाम को घर पर आए उसके बाद करीब 11रू30 बजे व परिजनों से कहें कि हम डीजे बनाने हेतु जा रहे हैं। वह रात में घर वापस नहीं आए सुबह भीटा माफी के चौकीदार द्वारा अंबेडकर पार्क के पास ही उनका शव देखा ।जिसकी सूचना रुधौली पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।घटना के बाद पत्नी मंजू देवी व चार बच्चे सहित का रो रो कर बुरा हाल रहा ।विश्वनाथ अपने दो भाइयों में सबसे छोटा था जो मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

## हीटवेव से सम्बन्धी समस्या होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से करें सम्पर्क

बस्ती। तेजी से बढ़ रही गर्मी एवं सम्भावित अग्निकाण्ड से बचाव को लेकर अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) अभय कुमार मिश्र ने एडवाइजरी, हीटवेव एवं लू प्रबन्ध योजना जारी किया है। उक्त मौके पर जनपद में तैनात आपदा विशेषज्ञ रंजीत रंजन ने लू एवं हीटवेव से बचाव के टिप्स देते हुए आपदा से बचाव हेतु सचेत किया गया। उन्होने कहा कि गर्मी के दिनों में तेज पछुआ हवा चलने के कारण अग्निकाण्ड में बढ़ोत्तरी होती है जिससे घर, खेत, खलिहान, जान–माल एवं पशु को क्षति पहुंचती है। उन्होंने कहा कि जिला आपदा प्रबन्धा प्राधिकरण बस्ती इन संभावित घटनाओं से होने वाली क्षति को कम करने हेतु उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया ''क्या करें क्या न करें'' द्वारा समस्त तहसीलों एवं ब्लाकों में प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं से अनुरोध किया कि वे शीतल प्याऊ एवं पशु पक्षी हेतु स्वच्छ जल उपलब्ध करायें एवं लू एवं हीटवेव से सम्बन्धी समस्या होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से सम्पर्क स्थापित करें।

## जिला कारागार में आयोजित हुआ साक्षरता शिविर

संत कबीर नगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संत कबीर नगर के अध्यक्षध्जनपद न्यायाधीश लक्ष्मीकान्त शुक्ल के निर्देशानुसार आज दिनांक 15 अपैल 2022 को जिला प्राधिकरण के सचिवध्न्यायिक अधिकारी हरिकेश कुमार द्वारा जिला कारागार संत कबीर नगर का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के समय कुल 474 बन्दी निरुद्ध थे, जिनमे 91 सिद्धदोष एवं 383 विचाराधीन बंदी जिनमें 25 अल्पवयस्क एवं 01 एनएसए बन्दी सम्मिलत हैं। कारागार के चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। टपानाथ उम्र लगभग 92 वर्ष मु0अ0स0 1286ध्08 में सिद्धदोष होकर 07 वर्ष की कारावास से दंडित किया गया है जिसे वृद्धावस्था के कारण हॉस्पिटल में रखा गया है। शेष 10 बन्दी सामान्य उपचार हेतु भर्ती हैं। कुछ बंदियों से बातचीत की गई उन्होंने बताया कि वे जुर्म स्वीकार करना चाहते हैं और इस हेतु न्यायालय में प्रार्थना पत्र भी प्रेषित किया गया है। उन्हें दिनाँक 16–04–2021 को लगने वाले जेल लोक अदालत में अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कराने हेतु उपकारापाल को निर्देशित किया गया। पाकशाला का निरीक्षण किया गया। सभी बन्दियों को दोपहर का भोजन दिया जा चुका था तथा शाम के भोजन की तैयारी यथा दाल, चावल, रोटी, सब्जी बन रहा था। किसी कैदी द्वारा अन्य कोई समस्या नहीं बताई गई। सभी बंदियों को उनके विधिक अधिकारों तथा कोविड–19 के बारे में जानकारी दी गयी। निरीक्षण के समय उपकारापाल नयनकमल सिंह, गीता रानी, फार्मासिस्ट डी पी सिंह, हेड वार्डर हृदय नारायण मिश्र, वार्डर सिद्धार्थ सिंह, देवेश मिश्रा, जय शंकर आदि उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

बस्ती। जिलाधिकारी श्रीमती सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील रूधौली में 16 अप्रैल 2022 शनिवार को प्रातः 10.00 बजे से होगा। उक्त जानकारी एसडीएम रूधौली गुलाब चन्द्र ने दी है। इसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसके अलावा अन्य तहसीलों में भी इसी दिन तहसील दिवस का आयोजन किया जायेंगा तथा लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा।

# एनटीपीसी सिंगरौली में डॉ भीमराव अंबेडकर की 131वीं जयंती समारोह का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर ने भारतरत्न बोधिसत्व डॉ भीमराव अंबेडकर की 131 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर भवन में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के उद्घाटन मुख्य अतिथि बसुराज गोस्वामी, मुख्य महाप्रबंधक के साथ हुई।

तत्पश्चात बसुराज गोस्वामी, मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। एनटीपीसी सिंगरौली अवासीय परिसर स्तिथ डॉ अंबेडकर विद्यालय के छात्रों द्वारा बौद्ध वंदना, स्वागतम प्रस्तुति, एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। तत्पश्चात, डॉ भीमराव अम्बेडकर की जीवन यात्रा को छात्रों द्वारा खूबसूरती से चित्रित किया गया था। बसुराज गोस्वामी, मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी सिंगरौली ने अपने संबोधन में भारत के संविधान के निर्माता, महिला अधिकारों की हिमायत, सभी के लिए पेयजल की उपलब्धता में डॉ अंबेडकर के अद्वितीय योगदान का उल्लेख किया। वह भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे जिनकी अध्यक्षता में भारतीय संविधान, दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान तैयार किया गया था। इस कार्यक्रम में अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा भी अंबेडकर जयंती पर विचारों को संबोधित किया गया। डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इससे पूर्व उनके महान योगदान को प्रदर्शित करने के लिए, आधुनिक भारत में उनकी महान विरासत को उजागर करते हुए प्रातः में भव्य श्प्रभात फेरीश् निकली गयी। इस अवसर पर सोमनाथ चट्टोपाध्याय, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं प्रचालन), डॉ एसके खरे, महाप्रबंधक, (चिकित्सा सेवाएं), भीभास घटक, महाप्रबंधक (परियोजना, टीएस एवं एफजीडी), एके सिंह, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (ईएमडी एवं सी एंड आई), अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, ग्राम प्रतिनिधि हीरा लाल एवं पन्ना लाल, मानिद यूनियन एवं एसोशिएशन के प्रतिनिधिगण , मीडिया बंधु, आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी सिंगरौली प्रबंधन के सहयोग से अनु. जातिध अनु. जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा किया गया।



## ग्राम प्रहरियों, चौकीदारों को साइकिल व टार्च वितरित किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस उप महानिरीक्षकध्पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र



प्रसाद सिंह द्वारा पुलिस लाइन सोनभद्र में ग्राम प्रहरियोंध्चौकीदारों को साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर पुलिस तंत्र को मजबूत करने के लिए ग्राम प्रहरियोंध्चौकीदारों के साथ गोष्ठी कर उनके दायित्वों, कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए जनपद के समस्त थानों से आये कुल–157 चौकीदारों को 157 अदद साइकिल व टार्च का वितरण किया गया। जिससे वे सभी अपने कार्योध्दायित्वोंध्कर्तव्यों का निर्वहन आसानी से कर सकें। उन्होने बताया कि चौकीदार पुलिस की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना तंत्र को मजबूत करने, पुलिस विभाग के बेहतर पुलिसिंग में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर राहुल पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारीध कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई गई महान गणितयज्ञ आर्य भट्ट की जयंती



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। आर्य भट्ट सेवा समिति विवेक पुरम तारामंडल गोरखपुर के तत्वावधान में समिति के कैम्पस कार्यालय में आर्य भट्ट जी की जयंती मनाई गई मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के अध्यक्ष पं. प्रभाकर प्रसाद शर्मा ने आर्य भट्ट जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । अध्यक्ष ने आर्य भट्ट जी को एक महान पुरूष के रूप में वताते हुऐ अपने शब्दों में कहा कि आर्य भट्ट साम्राट चन्द्र गुप्त के नव रत्नों में से एक थे समिति के कोषाध्यक्ष धीरेंद्र भट्ट जी बताया कि आर्य भट्ट द्वारा रचित आर्य भटिय का उपयोग आज भी हिन्दू पंचांग हेतु किया जाता हैं कार्यक्रम संचालन समिति के उपाध्यक्ष डॉ शाशि भूषण शर्मा ने किया व आर्य भट्ट जी को गणित व खगोलशास्त्र में उनके अतुलनीय योगदान को देखते हुए भारत के प्रथम उपग्रह का नाम उन्ही के नाम पर आर्य भट्ट रखा गया पं. शिव कुमार शर्मा जी ने बताया कि आर्य भट्ट ने दशमलव प्रणाली का निर्माण किया व आर्य भट्ट ने सुर्य सिद्धान्तों की भी रचना की थी पं. धनन्जय शर्मा ने बताया कि आज खगोल विज्ञान में दुनिया में जितनी भी उपलब्धि हासिल की है उसमें आर्य भट्ट का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है इस मौके पर डॉ अरुण कुमार भट्ट,दुर्गेश भट्ट,ओमप्रकाश शर्मा, वरूण भट्ट,कृष्ण शर्मा,अभिषेक शर्मा, नैतिक शर्मा, मनीष कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

## एनटीपीसी सिंगरौली ने मनाया राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस

दैनिक बुद्ध का संदेश



सोनभद्र। एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर, सीआईएसएफ की अग्नि सुरक्षा शाखा द्वारा 14 अप्रैल को फायर स्टेशन पर अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। सीआईएसएफ द्वारा 14.04.21 से 20.04.21 तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बसुराज गोस्वामी, मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी सिंगरौली कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा शहीद स्तंभ पर माल्यार्पण समारोह एवं दो मिनट का मौन के साथ हुई। बसुराज गोस्वामी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को फायर सुरक्षा शपथ दिलाई। तत्पश्चात उन्होंने अग्निशमन सेवा सप्ताह के लिए लीफलेट का विमोचन किया। अपने संबोधन में बासुराज गोस्वामी ने सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में सीआईएसएफ की प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए सराहना की। उन्होंने आग की घटना और संपत्ति और मानव जाति की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस के उत्सव का उल्लेख करते हुए दिन के महत्व का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम का समापन सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट आर्या द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं फेरी के लिए दमकल गाड़ियों को झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर सोमनाथ चट्टोपाध्याय, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं प्रचालन), गोपाल दत्त, सीआईएसएफ कमांडेंट, भीभास घटक, महाप्रबंधक (परियोजना, टीएस एवं एफजीडी), एके सिंह, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (ईएमडी एवं सी एंड आई), जोसेफ बास्टियन, महाप्रबंधक (ऐश डाइक मैनेजमेंट) अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित हुए।

## जोगीडीह के जंगलों में की गयी सघन काम्बिंग व जनचौपाल आयोजित कर बांटी गयी सामग्री

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। क्षेत्राधिकारी ओबरा शंकर प्रसाद द्वारा जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने एवं अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से थाना हाथीनाला पुलिस व पीएसी बल के साथ थाना स्थानीय क्षेत्र के ग्राम बेलहथी व जोगीडीह के दूरस्थ तथा जंगली इलाकों में सघन काम्बिंग की गयी। काम्बिंग के पश्चात ग्राम बेलहथी में जनचौपाल आयोजित कर स्थानीय लोगों से वार्ता कर उनकी मूलभूत समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी व उनके हर सम्भव निराकरण का भरोसा दिलाया गया तथा उन्हें मुख्य धारा में रहकर पुलिस का सहयोग करने व किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने या नक्सली संचरण के विषय मे जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त उपस्थित स्थानीय लोगों को कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत 25 अदद मच्छरदानी, 27 अदद टार्च, 15 अदद छाता, महिलाओं को 07 अदद सिलाई मशीन व युवाओं को खेलकूद हेतु वॉलीबॉलध्नेट का वितरण किया गया।

## बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गया स्थापना दिवस

सोनभद्र। ज्ञात हो कि एक वर्ष पूर्व 25 अप्रैल 2021, चौत्र मास



के शुक्ल पक्ष की त्रयोदषी तिथि में लैंको अनपरा के आवासीय परिसर में नवनिर्मित अनन्तेष्वर महादेव मन्दिर में देवी व देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया था। इसी क्रम में हिन्दू कैलेण्डर के अनुसार इस वर्ष 14 अप्रैल 2022, चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदषी तिथि को मन्दिर का प्रथम स्थापना दिवस तिथि के अनुसार मनाया गया। इस अवसर पर दिनांक 13 अप्रैल 2022 को पूजन अर्चन के पश्चात् अखण्ड़ रामायाण का पाठ किया गया तथा 14 अप्रैल 2022 को हवन व महाआरती के साथ–साथ अनपरा के प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा भजन संध्या की मनमोहक प्रस्तुती दी गई तथा रात्रि में भण्ड़ारे के आयोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर लैंको के वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक एन0एन0 तिवारी द्वारा सत्यनारायण भगवान का पूजन अर्चन किया तथा लैंको परियोजना के मुखिया संदीप गोस्वामी सहित सभी परियोजना निवासियों ने ईष्वर से सम्पूर्ण जगत के कल्याणार्थ प्रार्थना की।

## पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई गोला के नए पदाधिकारी मनोनीत

### जिलाध्यक्ष ने फूल माला पहनाकर दी नई जिम्मेदारी, संगठन विस्तार को लेकर हुई चर्चा



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। शुक्रवार को पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष यशोदानंद सिंह ने किया। बैठक में विभिन्न लोगों को संगठन की नवीन जिम्मेदारी दी गयी। राजेश शर्मा को अध्यक्ष, अखिलेश तिवारी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरुण गुप्ता को उपाध्यक्ष, दिनेश यादव को महामंत्री, दिवाकर राय को मंत्री, राजकुमार यादव को कोषाध्यक्ष, बृज भूषण दूबे को मीडिया प्रभारी,चंद्रप्रकाश विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष, संजय श्रीवास्तव को संरक्षक और बसन्त यादव को मंत्री बनाया गया।

### पत्रकार उत्पीड़न पर हुई चर्चा

बैठक में पत्रकार उत्पीड़न पर चर्चा हुई जिसमें जिलाध्यक्ष यशोदानंद सिंह ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि हमारे सदस्यों का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न किया जाता है तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन कार्यवाही करेगा हमारा संगठन अपने साथियों को न्याय दिलाने में सक्षम है। संगठन किसी का मोहताज नहीं है शासन प्रशासन को हम भली भांति अवगत कराना चाहते हैं कि यदि हमारे सदस्य का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न किया जाता है तो उसको तुरंत न्याय मिलना चाहिए।

## 08 वर्षीय नाबालिग कृष्णा हत्याकाण्ड में शामिल 02 अभियुक्त गिरफ्तार

संत कबीर नगर। थाना मेहदावल जनपद संतकबीरनगर के अंतर्गत ग्राम करमैनी के गांव वालों द्वारा सूचना दी गई कि गांव से लगभग 800 मीटर दूर एक खेत में एक बच्चे का क्षत–विक्षत शव मिला है, थाना मेहन्दावल पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गयी । ग्राम करमैनी के ही चंद्रभान द्वारा शव की पहचान अपने पुत्र 8 वर्षीय किशन के रूप में की गई थी जिनकी गुमशुदगी की तहरीर के आधार पर पूर्व में दिनांक 06.04 .2022 को थाना मेंहदावल पर मु0अ0सं0 76ध2022 धारा 363 भा0द0वि0 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था । गठित टीम द्वारा 15.04.2022 को मु0अ0सं0 76 ध 2022 धारा 363 ध 302 ध 201 ध 34 ध307 भादवि की घटना मे संलिप्त अभियुक्त 1– दयानन्द पुत्र जगदीश निवासी सेमराडाडी थाना फरेन्दा जनपद महराजगंज को करमैनी से गिरफ्तार किया गया व घटना में शामिल मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के दौरान करमैनी बेलौली बन्धें पर हुई मुठभेड़ के उपरान्त अभियुक्त 2– को गिरफ्तार किया गया व उसके पास से 01 अदद कट्टा 12 बोर व 01 अदद मिश कारतूस 12 बोर बरामद किया गया।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त दयानन्द पुत्र जगदीश द्वारा बताया गया कि करमैनी गाँव के उपेन्द्र साहनी पुत्र रंगनाथ साहनी मेरे मित्र है हम लोग डी0जे0 बजाने का काम करते है, उपेन्द्र साहनी द्वारा बताया गया कि मेरे गाँव के चन्द्रभान द्वारा मेरी इज्जत बर्बाद करने के लिए गाँव में तरह तरह की अफवाह फैला कर मुझे बहुत अपमानित किए है मुझे उनको सबक सिखाने के लिए तुम्हारी मदद की आवश्यकता है । उपेन्द्र द्वारा पूरी योजना बतायी गयी उसके बाद हम दोनों वहाँ से चलकर करमैनी बन्धे आये मै वही रुक गया तथा मेरे मित्र उपेन्द्र साहनी गाँव में गए और कुछ देर बाद 08–09 वर्ष के बच्चे के साथ आये व उसका नाम कृष्णा साहनी बताए तथा कहे इसी को ठिकाने लगाना है इस पर बच्चा रोने लगा तब हम दोनों लोग बच्चे को उठाकर पास स्थित सागौन के बगीचे के पास गैंहू के खेत में ले गए जहाँ उपेन्द्र साहनी ने बच्चे का मुह और नाक दबाकर मार डाला उसके बाद हम लोग गैंहू के खेत में ही बच्चे के शव को छोड़कर उपेन्द्र के घर गए तथा ज्यादा रात होने पर पुनः आकर शव को थोड़ा गड्ढा खोदकर खेत मे ही दबा दिए उसके बाद वहाँ से अपने घर चले गए बाद में मेरे( दयानन्द उपरोक्त) द्वारा ही घटना को डायवर्ट करने के लिए उपेन्द्र द्वारा बताए गए मोबाइल नंबर पर फोन करके करमैनी के किसी लंगड़े के बारे में घटना करने की बात बतायी थी । दयानन्द उपरोक्त द्वारा पूछताछ में मुख्य अभियुक्त उपेन्द्र साहनी पुत्र रंगनाथ साहनी के शामिल होने की बात बताई गयी।

## यात्री जनता की सुविधा हेतु ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट साप्ताहिक विषेष गाड़ी का संचलन

गोरखपुर। रेलवे प्रषासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 09075ध09076 मुम्बई सेन्ट्रल–काठगोदाम ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट साप्ताहिक विषेष गाड़ी का संचलन 20, 27 अप्रैल, 04, 11, 18, 25 मई, 01, 08 एवं 15 जून, 2022 को प्रत्येक बुधवार को मुम्बई सेन्ट्रल से तथा 09076 काठगोदाम–मुम्बई सेन्ट्रल सुपरफास्ट साप्ताहिक विषेष गाड़ी का संचलन 21, 28 अप्रैल, 05, 12, 19, 26 मई, 02, 09 एवं 16 जून, 2022 को प्रत्येक वृहस्पतिवार को काठगोदाम से 09 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। इसमें यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड–19 के मानकों का पालन करना होगा।

09075 मुम्बई सेन्ट्रल–काठगोदाम ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट साप्ताहिक विषेष गाड़ी 20, 27 अप्रैल, 04, 11, 18, 25 मई, 01, 08 एवं 15 जून, 2022 को प्रत्येक बुधवार को मुम्बई सेन्ट्रल से 11.00 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 11.46 बजे, वापी से 13.24 बजे, सूरत से 14.43 बजे, वडोदरा से 16.38 बजे, रतलाम से 20.25 बजे, दूसरे दिन कोटा से 00.45 बजे, गंगापुर सिटी से 02.52 बजे, हिण्डौन सिटी से 03.25 बजे, भरतपुर से 05.05 बजे, अछनेरा से 05.55 बजे, मथुरा से 07.00 बजे, हाथरस सिटी से 07.44 बजे, कासगंज से 09.10 बजे, बदायूँ से 10.01 बजे, बरेली जं. से 10.50 बजे, बरेली सिटी से 11.05 बजे, इज्जतनगर से 11.25 बजे, बहेड़ी से 12.22 बजे, किच्छा से 12.40 बजे, लालकुआं से 13.15 बजे तथा हल्द्वानी से 13.50 बजे छूटकर काठगोदाम 14.30 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में 09076 काठगोदाम–मुम्बई सेन्ट्रल सुपरफास्ट साप्ताहिक विषेष गाड़ी का संचलन काठगोदाम से 21, 28 अप्रैल, 05, 12, 19, 26 मई, 02, 09 एवं 16 जून, 2022 को प्रत्येक वृहस्पतिवार को काठगोदाम से 17.30 बजे प्रस्थान कर हल्द्वानी से 17.52 बजे, लालकुआं से 18.33 बजे, किच्छा से 19.09 बजे, बहेड़ी से 19.30 बजे, इज्जतनगर से 20.08 बजे, बरेली सिटी से 20.23 बजे, बरेली जं. से 20.47 बजे, बदायूँसे 21.31 बजे, कासगंज से 23.00 बजे, हाथरस सिटी से 23.50 बजे, दूसरे दिन मथुरा से 01.15 बजे, अछनेरा से 02.35 बजे, भरतपुर से 03.10 बजे, हिण्डौन सिटी से 04.05 बजे, गंगापुर सिटी से 04.45 बजे, कोटा से 06.45 बजे, रतलाम से 10.40 बजे, वडोदरा से 14.45 बजे, सूरत से 16.53 बजे, वापी से 18.10 बजे तथा बोरीवली से 20.10 बजे छूटकर मुम्बई सेन्ट्रल 20.55 बजे पहुंचेगी। इस विषेष गाड़ी में 20 अप्रैल से 26 मई, 2022 तक शयनयान के 06, साधारण द्वितीय श्रेणाी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय सह द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05 एवं एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 17 कोच तथा 01 जून से 16 जून, 2022 तक शयनयान के 08, साधारण द्वितीय श्रेणाी के 02, वातानुकूलित तृतीय सह द्वितीय श्रेणी का 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03 एवं एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 17 लगाये जायेंगे।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई डा. भीमराव अम्बेडकर की 131वीं जयंती

## शाम को डॉ अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर दीपक जलाकर श्रद्धा के साथ नमन करेंगे और संविधान बचाने की लेंगे शपथ

सीतापुर। समय 11 बजे समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में भारतीय संविधान के निर्माता महानसमाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर की 131वीं जयंती मनाने के लिए एक गोष्ठी का आयोजन जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव मसूद आलम अंसारी ने किया। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष व विधायक पूर्व विधायक ने डॉ भीमराव आंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें कोटिश नमन, वंदन कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए केक काटा। जिले के अन्य नेतागण व पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव, समाजवादी पार्टी को बीआर अंबेडकर ने जो सपने देखे थे वह चाहे समानता का, शिक्षा का या फिर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास का हो, उन सबको समाजवादी पार्टी पूरा करने का प्रयास करेगी तथा समाज व राजनीति में दलितों, वंचितों, शोषितों, पीडिघ्त, अल्पसंख्यकों की सबकी जितनी संख्या है उस हिसाब से भागीदारी मिलनी चाहिए। पूर्व विधायक राकेश राठौर ने बताया की सन 1923 में वह भारत में एक बैरिस्टर के रूप में लौट आये और बॉम्बे हाई कोर्ट से अपना अभ्यास शुरू किया और लोगों में शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा दिया। उन्होंने लोगों से लडने के लिए आत्म सम्मान, सम्मान, गरिमा और नैतिक साहस दिए। वह जाति व्यवस्था के खिलाफ लादे और हमारे संविधान में आरक्षण प्रणाली लाये जो कमजोर वर्ग और उनकी जीवन शैली को उत्थान करने में मदद करते है। ताकि उन्हें भारतीय मुख्या धारा समाज का एक हिस्सा बनाया जा सके। उन्होंने भारतीय संविधान को ढांचा बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसी वजह से डॉ भीमराव आंबेडकर को भारतीय संविधान का पिता भी कहा जाता है। उन्हें बाबासाहेब भी कहा जाता है। वह स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री थे। विधायक अनिल वर्मा ने बताया कि बाबा साहब ने संविधान में अमीर गरीब, छोटे बड़े सभी के लिए एक वो प्रविधान किया था। गरीबों, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने की व्यवस्था के लिए उनके प्रयासों को भुलाया नहीं जा सकता है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि बाबा साहेब की जयंती पर देशव्यापी संविधान रक्षा दिवस के साथ दिवाली मनाएंगे। इसलिए जनपद कि सभी विधानसभाओं मे कार्यकर्ता सांय समाजवादी कार्यालय अपने घरों पर सार्वजनिक स्थल अथवा डॉ अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर दीपक जलाकर बाबा साहेब को श्रद्धा के साथ नमन करेंगे और संविधान बचाने की शपथ लेंगे। इस मौके पर सर्वश्री विधायक अनिल वर्मा, पूर्व विधायक राकेश राठौर, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, पूर्व मंत्री रामहेत भारती, कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव, उपाध्यक्ष कौशलेन्द्र सिंह, जिला सचिव सुहैल अहमद, चन्द्रशेखर यादव, मनोज राठौर, श्रीमती आशुतोष सिंह यादव, सुनीता देवी, सविता राठौर, रंजना शुक्ला, सुनीता राठौर, गीता राठौर, माला राठौर, रेनू राठौर, बदलू राम निषाद, गगन राठौर, सर्वोत्तम गौतम, विशाल कनौजिया, अशोक बघेल, संदीप लोधी, मनीष शर्मा, अनुपम राठौर, हसीब गाजी, नितिन कुमार गौतम, परशुराम गौतम, राजकिशोर गौतम, रूपचंद गौतम, कौशलेन्द्र सिंह, मो. नादिर, अरशद खान, श्रवण यादव, चंद्रिका राजवंशी, कृष्ण बिहारी यादव, संजय मौर्य, निरंजन मौर्य, राजवीर सिंह, श्रीपाल यादव, शोभित कुमार, राहुल राठौर, जितेंद्र श्रीवास्तव, ब्रह्म प्रकाश वर्मा, होरीलाल राजवंशी, राहुल पाल, प्रवीण तिवारी, लालता प्रसाद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब का उद्देश्य आर्थिक, सामाजिक और बहुत हद तक सांस्कृतिक स्वतंत्रता प्राप्त करना था: जिलाधिकारी

सीतापुर ।भारतरत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, अपर जिलाधिकारी रामभरत तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में जिलाधिकारी ने बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर को नमन करते हुये उनकी शिक्षाओं के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि आम जन में कोई विभेद न करना एवं उनकी सेवा ही सबसे बड़ी राष्ट्र सेवा है। उन्होंने सभागार में मौजूद सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि बिना किसी भेदभाव के नियमों के अन्तर्गत सभी को लाभान्वित करके राष्ट्र की प्रगति में योगदान कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम का उद्देश्य केवल राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करना नही था अपितु आर्थिक, सामाजिक और बहुत हद तक सांस्कृतिक स्वतंत्रता प्राप्त करना भी इसका उद्देश्य रहा। उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व करने वालों में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का महत्वपूर्ण स्थान था।

उन्होंने कहा कि आज जब हम ऐसे समावेशी समाज में रह रहे हैं जहां हर व्यक्ति को यह भरोसा है कि यदि उसमें क्षमता है तो वह समाज या देश के किसी भी उच्चतम पद का जा सकता है। यह हमारे संविधान की ही देन है और संविधान में इस व्यवस्था का प्राविधान करने का कार्य बाबा साहब के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि यह हमारे संविधान में बनायी गयी व्यवस्था की देन है कि हमने अपने साथ स्वतंत्र हुये कई अन्य राष्ट्रों से अधिक विकास किया है और आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। भारत की विविधता एवं विस्तार को देखते हुये सभी को एक साथ रखना एक महान कार्य है। जिलाधिकारी ने आधुनिक तकनीकी के दौर में कार्यों के सफल संचालन में प्राप्त हो रही सुविधाओं एवं आ रही समस्याओं के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने राजस्व विभाग के महत्व एवं जनता के बीच इसकी विश्वसनीयता के विषय में भी चर्चा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रेरित किया कि जनता के कार्यों को पूरी तत्परता के साथ निर्धारित समयावधि में करें। जिससे विभाग पर आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके। जिलाधिकारी ने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि हमें समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े हुये व्यक्तियों के हितार्थ नियमों और अधिनियमों के अन्तर्गत प्रयास करना चाहिये। जो कार्य हम कर रहे हैं उनमें और बेहतर करने का प्रयास करें। जिलाधिकारी ने आईएएस सेवा के मूलमंत्र योगरू कर्मषु कौशलम अर्थात कर्म में कुशलता ही योग है। बताते हुये कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर की शिक्षाओं की मूल बात यह है कि व्यक्ति या व्यक्तियों के बीच यदि हमने विभेद नहीं किया। हमनें नियमों व व्यवस्थाओं के तहत चीजों का परीक्षण किया। जो नियमों के अन्तर्गत उचित है और देय है वह हमनें उसे प्रदान किया। जहां नियम के स्थान पर परिभाषाएं है। वहां उन परिभाषाओं के अन्तर्गत सर्वाधिक उचित है वह हमनें प्रदान किया तो हम बाबा साहब के सच्चे अनुयायी होंगे और हम इस राष्ट्र के सच्चे राष्ट्रभक्त भी होंगे। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी रामभरत तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी व कलेक्ट्रेट के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शादी अनुदान का 35 हजार दूसरे के खाते में भेजा

जौनपुर। जिले के खुटहन थाना क्षेत्र के शेखअसरफपुर गाँव का एक मामला सामने आया है जहाँ पीड़ित परिवार ने बताया कि शादी अनुदान का पैसा मेरे खाते में न आने के बजाय दूसरे के खाते में चला गया है,जिसकी धन राशि 35000 रुपये थी। अब पैसे को पाने के लिए पीड़ित गरीब परिवार ईधर उधर भटक रहा है। शेखअसरफपुर गांव निवासी राम प्रकाष अपनी पुत्री की शादी के लिए सरकारी शादी सहायता अनुदान के लिए आवेदन किये थे शादी भी हो गई लेकिन अभी तक शादी अनुदान का पैसा नही आया।देरी होता देख पीड़ित ने जिला समाजकल्याण अधिकारी कार्यालय से पता किया तो पता चला कि आपका पैसा 30–11–21 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुबारकपुर के एक खाते में भेज दिया गया है।जब पीड़ित ने भेजे हुए खाते का विवरण लिया तो पता चला कि यह खाता संख्या किसी और का है,जिसका नाम पता प्रदुम्म विश्वकर्मा पुत्र लक्ष्मी विश्वकर्मा ग्राम छतौरा थाना सरायख्वाजा है। पीड़ित जब अधिकारियों द्वारा दिये गए प्राप्त पते पर पहुँचा तो प्रदुम्म विश्वकर्मा एक नाबालिक लड़का है जिसके द्वारा सारा पैसा निकाला गया था लड़के ने बताया कि पैसा निकालकर घर के लोग खर्च कर दिए है।पैसे के बारे में जब बच्चे के पिता लक्ष्मी विश्वकर्मा से पीड़ित ने पूछा तो उसने भी वही बताया कि पैसा नही है खर्च हो गया है और पैसा नही सकता । पीड़ित ने बताया कि थाना खुटहन व सरायख्वाजा में तहरीर देकर पैसा दिलाने की मांग करेंगा उसे उम्मीद है कि पुलिस उसका पैसा निकालने में मदद करेगा।

## लैब टेक्निशियन की बाइक चोरी

जौनपुर। जिला चिकित्सालय परिसर से एक स्वास्थ कर्मी की बाइक हुई चोरी, लगातार अस्पताल परिसर लगभग 6 बाइक चोरी होने की घटना के बाद पुलिस तैनात की गयी। उसके बावजूद बेखधैफ चोरों ने धर्मेन्द्र मिश्रा निवासी मछलीशहर जो जिला अस्पताल में आरटीपीसीआर लैब टेक्निशियन के पद पर कार्यरत है गुरूवार को सुबह 9 बजे लैब पहुंच कर अपने काम में लग गए और दोपाहर में काम समाप्त होने के बाद जब बाहर निकले तो देखा की उसकी बाइक नदारद थी यह देखते ही उन्हें इस बात का अनुमान हो गया की उनकी बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दियां। धर्मेन्द्र मिश्रा की बाइक हीरो कम्पनी की सीडी डिलक्स महरुन रंग की जिसका नम्बर यूपी 62 एबी 4992 था सूचना पर पुलिस द्वारा स्वास्थ्य कर्मी की बाइक के लिए काफी खोजबीन की लेकिन बाइक का कही भी पता नहीं चला उसके पश्चात पुलिस द्वारा अस्पताल के सीसीटीवी की फुटेज को खंगालते हुए पाया की एक युवा चोर बड़े आराम से चोरी की बाइक पर शान से सवार होकर अस्पताल परिसर से रफू चक्कर हुआ । दरअसल बाइक चारों का एक गिरोह है जो पूरे अस्पताल परिसर में घूम घूमकर निगरानी करते रहते हैं जैसे ही मौका लगता है बड़ी चालाकी के साथ बाइक चोरी कर निकल जाते है।

# शोभायात्रा निकाल कर शांति का दिया संदेश

सिधौली,सीतापुर ।भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में जैन समाज के लोगों ने सिधौली कस्बे में शोभायात्रा निकाल कर शांति का संदेश दिया। शोभायात्रा मोहल्ला गोविंद नगर स्थित जैन मंदिर से शुरू हुई। जिसमें जैन समाज की महिलाओं पुरुषों व बच्चों ने भगवान महावीर के रथ के अगवानी करते हुए सिधौली कस्बा में भ्रमण किया। शोभा यात्रा तहसील रोड मिश्रिख मार्ग बिसवां चौराहा नेशनल हाईवे महमूदाबाद चौराहा होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची। जहां पर विधि विधान से भगवान महावीर की पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर विजय जैन, संजय जैन, महावीर जैन, राजू जैन, भावेश जैन, आशु जैन, सचिन जैन, दीपू जैन, पुनीत जैन, गुड्डू जैन, कमल कुमार जैन, पंकज जैन, अरविंद जैन, राकेश जैन, परितोष जैन, मनोज जैन, मुकेश जैन, अंकित जैन सहित जैन समाज के महिलाएं पुरुष व बच्चे महावीर जयंती की शोभायात्रा में मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालत में इलाज के दौरान किशोरी की मौत

सिधौली,सीतापुर ।कस्बे के मनीष हॉस्पिटल में बीती रात किशोरी की संदिग्ध हालत में इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस के पहुंचने के बावजूद परिजनों ने किशोरी के शव को पूरी रात अस्पताल से नहीं उठाया और हंगामा किया और चिकित्सक द्वारा गलत दवा दिए जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने सभी को समझा बुझा कर शांत किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देर रात सिधौली कस्बा स्थित मनीष हॉस्पिटल में एक 14 वर्षीय किशोरी मीनाक्षी मौर्य पुत्री सुभाष मौर्य की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पिता सुभाष का कहना था कि दोपहर में उसको उल्टी की शिकायत हुई थी। जिसको लेकर वह मनीष अस्पताल में दवा लेने आई थी। डॉक्टरों द्वारा उसे एक ग्लूकोस की बोतल अस्पताल में ही लगाई गई और जिसमें बिगो लगा करके कुछ इंजेक्शन दिए गये। उसके तुरंत बाद मीनाक्षी की मौत हो गई। रात में ही परिजनों ने गलत दवा दिए जाने का आरोप लगाया था।

सूचना पर सिधौली कोतवाली पुलिस भी पहुंची थी और कार्रवाई शुरू की थी। लेकिन परिजन मृतक के शव को सुबह तक थाने नहीं ले गए और न ही अस्पताल से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने भी शव को कब्जे में नहीं लिया था। . मृतका मीनाक्षी के परिजनों ने सुबह फिर से हंगामा कर दिया। अस्पताल परिसर में ही दूसरी मंजिल पर बने अस्पताल के संचालक व वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर कमल कुमार जैन के आवास पर जबरदस्ती घुसने का प्रयास भी किया। आरोप यह था कि मृतका को दिए जाने वाला पर्चा डॉ कमल कुमार जैन के कब्जे में था। जिसे पर वह लोग छेड़छाड़ कर सकते थे। क्योंकि मृतका का इलाज करने वाले डॉक्टर अस्पताल संचालक के पुत्र डॉ मनीष जैन थे। सूचना पर पहुंचे सिधौली कोतवाली प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी उपनिरीक्षक सोमवीर सिंह, कस्बा इंचार्ज एमपी सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचा और महिलाओं पुरुषों को समझा. बुझाकर शांत करवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की परिजनों का आरोप था। बताते है कि मीनाक्षी की जब मौत हुई तो चिकित्सक मनीष जैन लखनऊ जा चुके थे। उन्ही के द्वारा लिखी गयी दवाई के तहत मृतका का इलाज किया जा रहा था और कर्मचारी कम्पाउंडर द्वारा जब रात में उसे इंजेक्सन की दवा दी गयी तो कुछ ही देर में मीनाक्षी ने दम तोड़ दिया। मृतका के शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल की देखरेख में हुआ है। वीडियोग्राफी भी हुई है। तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया लिया गया है विधिक कार्यवाही की जा रही है। किशोरी की मौत पर परिजनों द्वारा हंगामा के बाद प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के डॉक्टर एकजुट होकर उपजिलाधिकारी पंकज प्रकाश राठौर से मिला और एक ज्ञापन सौंपकर हंगामा करने वालों के विरुद्ध प्रार्थना पत्र देते हुए निंदा करते हुए की और पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच करवाएं जाने की मांग की। इस अवसर पर डॉ कमल कुमार जैन, डा. पीयूस जैन, डा. ओपी पांडे सहित क्षेत्र के प्राइवेट डॉक्टर मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय ग्रेप्लेन कुश्ती पहलवान का स्वागत

जौनपुर। खेतासराय के माँ सांजफी देवी मेमोरियल हास्पिटल पर बृहस्पतिवार को नेशनल ग्रेप्लेन कुश्ती पहलवान को राजभर समाज के लोगों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम डॉ. प्रमोद कुमार राजभर की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। प्रथम आगमन पर राष्ट्रीय ग्रेप्लेन कुश्ती पहलवान का गर्म जोशी से स्वागत किया। इस दौरान आयोजक डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि राजभर समाज के गौरव युवा आइकॉन पहलवान रविकुमार राजभर राष्ट्रीय पटल पर देश व समाज का नाम रोशन कर रहे है। श्री राजभर ने बताया कि इस युवा पहलवान ने अपने कैरियर की शुरुवात रघुवीर अखाड़ा हरियाणा से किया। पाँच बार नेशनल ग्रेप्लेन कुश्ती चौम्पियन शिप में गोल्ड मेडल जीता। तीन बार साऊथ एशियन ग्रेप्लेन चौम्पियन शिप का अवार्ड अपने नाम किया। इसी परिपेक्ष्य में भारत केशरी से भी सम्मानित किया गया। ऐसे में लगभग आधा दर्जन खिताब जीतने के बाद वर्ल्ड ग्रेप्लेन चौंपियनशिप रैंक में छठा स्थान बनाने में सफल रहे। पहलवान श्री राजभर मूलरूप से खेवसीपुर मेंहनगर आजमगढ़ के निवासी है। एक गरीब परिवार से आते है। पिता सूबेदार राजभर प्लम्बर का काम करते है। वर्तमान में पूरा परिवार गोहना सोनी पथ हरियाणा में रहता है। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से डॉ. पंचम राजभर, शिक्षक राकेश कुमार राजभर, ग्राम प्रधान चंद्रेश राजभर, प्रधान भीम राजभर, चन्द्रकान्त एडवोकेट शैलेन्द्र राजभर, डा. अरविंद राजभर आदि लोगों ने स्वागत किया।

# डबल डेकर बस एवं डीसीएम को एआरटीओ ने पकड़ा, थाने में करा दी खड़ी

हरदोई।स्थानीय कस्बे में हर रोज शाम होते ही डबल डेकर बसों का आना शुरू हो जाता है और यहां बिना परमिट के ही दिल्ली, पानीपत, हरियाणा, सोनीपत तक फर्राटे से सवारियां लेकर बेखौफ होकर चल रही हैं। एआरटीओ ने एक डबल डेकर बस एवं डीसीएम बिना परमिट के पकड़ लिया और उसे हरपालपुर कोतवाली में खड़ा करा दिया है। एआरटीओ विवेक सिंह ने . सुबह हरपालपुर कस्बे में चल रहे बिना परमिट के वाहनों पर शिकंजा कसते हुए एक डबल डेकर बस एवं डीसीएम को पकड़ कर थाने में खड़े करा दी है,वहीं हर शाम हरपालपुर स्थानीय कस्बे में डबल डेकर बसों का संचालन होने लगता है जो कि यह बिना परमिट के ही दिल्ली सोनीपत,पानीपत, हरियाणा तक का सफर तय करती हैं जिससे परिवहन एवं राजस्व विभाग को हर महा लाखों रुपए का चूना डबल डेकर बस के संचालक लगा रहे हैं। एआरटीओ विवेक सिंह ने बताया है कि डबल डेकर बस एवं डीसीएम के पास परमिट नहीं था, जिसको लेकर पकड़ कर थाने में खड़ी करा कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# डा अंबेडकर ने हमेशा समाज को एक नई दिशा देने का काम किया: जेपीएस राठौर

हरदोई।प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर अम्बेडकर पार्क स्थित अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रसखान प्रेक्षागृह पहुंचे। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर मंत्री जेपीएस राठौर ने बाबा साहेब को संपूर्ण जीवन दलितों शोषितों वंचितों के उत्थान तथा उनकी दशा में सुधार लाने के लिए समर्पित बताया। मंत्री जेपीएस राठौर बोले, कि बाबा साहेब समाज के प्रति समर्पण के साथ राजनैतिक स्वतंत्रता के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने हमेशा समाज को एक नई दिशा देने का काम किया है। उनका सपना एक नैतिक एवं जाति एवं छुआछूत मुक्त समाज की रचना करना था। पीमंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार बाबा साहेब के मूल विचारों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाया है। देश में गरीबों वंचितों, शोषितों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाकर समाज में बराबरी और सम्मान दिलाने का काम किया। बाबा साहेब के भारतीय संविधान और नरेंद्र मोदी की मजबूत इच्छाशक्ति की देन है जो आज पड़ोसी देशों में बटवारे से पहले के भारतीय गरीब शोषित दलित विस्थापितों को केंद्र सरकार ने भारतीय नागरिकता देकर ससम्मान भारत लाने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबी देखी और जी है, उनसे अच्छा उनका दर्द कोई नही समझ सकता, आजादी के सत्तर सालों तक गरीब मूलभूत सुविधाओं से अछूता था, अपनी जमा पूंजी बचा कर रखने को उसके पास एक बैंक खाता तक नहीं था। नरेंद्र मोदी ने गरीबों के लिए जनधन योजना में २० करोड़ खाते खुलवाए। आज उसी जनधन खाते के जरिए गरीब व्यक्ति सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है जहां एक भी पैसा भ्रष्टाचार की भेट नहीं चढ़ रहा है। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव डॉ आंबेडकर के साथ खड़ी रही। जब डॉ आंबेडकर कांग्रेस के विरुद्ध चुनाव लड़े, तब उनके चुनाव का संचालन आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक रहे दत्तोपंत ठेंगड़ी ने किया। भाजपा के बूथ स्तर पर मनाये जाने वाले 6 पर्व में से एक बाबा साहेब की जयंती भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ अम्बेडकर से सम्बंधित स्थानों को पंचमहातीर्थ के रूप दिव्य और भव्य रूप में विकसित कर डॉ अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। गोष्ठी को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती,संडीला विधायक अलका अर्कवंशी तथा एमएलसी अशोक अग्रवाल ने भी संबोधित किया। गोष्ठी का संचालन गोष्ठी संयोजक तथा जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर सिंह चौहान ने किया।गोष्ठी में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्र,श्रीकृष्ण शास्त्री,राम बहादुर सिंह, विद्याराम वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा ष्मधुरष् पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका उमेश अग्रवाल,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा पीके वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री, प्रीतेश दीक्षित,संजय सिंह, विनोद राठौर, जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन, ओम वर्मा, अनुराग मिश्र,जिला मंत्री अविनाश पांडे, बागीश सिंह, अजय शुक्ला, नीना वर्मा,जय देवी राजपूत, नीतू चंद्रा,मंगतराम,जिला मीडिया प्रभारी गंगेश पाठक,प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी, कार्यालय मंत्री अतुल सिंह, सभी मोर्चा अध्यक्ष गण, मंडल अध्यक्ष गण मौजूद रहे।

## सेतु के निर्माण से एक बड़ी आबादी को लाभ होगा:– रजनी तिवारी

हरदोई। राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने सांसद जयप्रकाश के साथ संयुक्त रूप से आँझी आलमनगर से गाजीपुर सुनौरा मझिला मार्ग के मध्य सुखेता नाले पर लघु सेतु का शिलान्यास किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस सेतु के निर्माण से एक बड़ी आबादी को लाभ होगा। इससे आवागमन भी आसान होगा। सांसद जयप्रकाश ने कहा कि इस शिलान्यास के साथ स्थानीय लोगों की बड़ी मांग पूरी हो रही है। राज्य मंत्री व सांसद ने इस अवसर पर स्थानीय लोगों के साथ संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को भी सुना। इस अवसर पर स्थानीय ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा व अन्य जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित रहे।

# महिला कांग्रेस ने मनाया अंबेडकर का जन्मदिन

हरदोई।संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ ग्राम नगला लोथू शाहाबाद में मनाई गई। सभा को संबोधित करते हुए सुनीता देवी जिला अध्यक्ष पूर्व प्रत्याशी विधानसभा ने कहा,बाबा साहब ने संविधान को बनाया और देश की एकता को कायम रखा। संविधान सभी धर्मों के अनुकूल कार्य करता है ना की किसी जाति विशेष धर्म के मकसद सहित संविधान बनाया,सभी धर्मों के लोग आज उसका पालन करें। शिव कुमार गुप्ता टीटू ने कहा, बाबा साहब हमारे देश के मार्गदर्शक थे। जिनके बताए हुए रास्तों पर चलना हमारा हम सब का कर्तव्य है। इस मौके पर अजहर यार खां, महासचिव भुटटो मियां एडवोकेट,जिला महासचिव मीडिया प्रभारी सुरेंद्र पाल एडवोकेट, रामस्वरूप, मास्टर रामरतन, कमलेश कुमार, संजय कुमार सिंह, संदीप कुमार,अंशु हजारों लोग मौजूद रहे। इसके दौरान यात्रा का भी आयोजन किया गया।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः– राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# कालीन खरीदते समय इन बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी, चलेगा सालोंसाल



घर की सुन्दरता बढाने में कई चीजों की जरूरत होती है और सभी चीजें इसमें अपना महत्व बनाए रखती हैं। इसी में कालीन का भी एक विशेष स्थान होता हैं जो आपको ठन्डे आँगन से बचाने के साथ ही घर की सुन्दरता भी बढाता है। लेकिन अक्सर लोगों की यह शिकायत होती है कि कालीन जल्दी ही फट जाता है या उसकी चमक खो जाती हैं। इसलिए आज हम आपको कुछ विशेष ध्यान रखने वाली बातों के बारे में बताने जा रहे है जो आपको कालीन खरीदते वक्त ध्यान रखनी हैं। तो आइये जानते है इन बातों के बारे में।

’ कालीन की गद्दी

प्रत्येक कालीन गद्दी के साथ आता है। लेकिन कुछ कालीनों में पतली गद्दी होती है, तो कुछ में मोटी। अच्छी गद्दी वाला कालीन वही होता है जिस में ठीक तरीके से गद्दी लगाई गई हो। सही तरीके की गद्दियों वाला कालीन अधिक सुविधापूर्ण और आरामदेह होता है। लेकिन मुलायम मोटी गद्दियां अधिक आरामदेह नहीं होतीं। इन के बजाय ऐसी ठोस गद्दियां अधिक आरामदेह और उपयुक्त होती हैं, जो अपेक्षाकृत अधिक पतली होती हैं।

’ कालीन का रेशा

जहां एक ओर कालीन के रोएं से उस की भीतरी परत का निर्धारण होता है, वहीं दूसरी ओर कालीन के रेशे से उस की बाहरी परत बनती है। ये रंगों और पैटर्नों की ढेरों वैराइटियों में उपलब्ध हैं। ये अत्यधिक जलरोधी और दागरोधी भी होती हैं। ऊन वह सब से कीमती रेशा है जिस का कालीनों में इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन उन कालीनों के लिए अधिक केयर और रखरखाव की जरूरत पड़ती है।

’ जांचें रेशे का घनत्व

कालीन खरीदने से पहले रेशे के घनत्व की जांच अवश्य कर लेनी चाहिए। कालीन में रेशे का घनत्व जितना अधिक होगा वह उतना ही अधिक अच्छा होगा। दरअसल, उच्च घनत्व वाले कालीन फील और टच में अधिक मजबूत और आरामदेह होते हैं। ये पैरों के नीचे मुलायम तो रहते ही हैं, थके हुए पैरों के लिए आरामदेह भी होते हैं।


’ रोएं की जांच करें: कालीन का रोयां कालीन का मुख्य आधार होता है। कालीन का फील इस बात पर बहुत अधिक निर्भर करता है कि उस में किस प्रकार के रोएं का इस्तेमाल किया गया है। रोएं बुने हुए और कलगीदार होते हैं, लेकिन बुने हुए रोएं कलगीदार रोएं की तुलना में अधिक मजबूत और टिकाऊ होते हैं। बुने हुए रोएं एकदूसरे के साथ अधिक निकटता से बुने जाते हैं, जिस से कालीन को अधिक ठोस और मजबूत फीलिंग मिलती है। इसलिए कलगीदार कालीनों की तुलना में बुने हुए कालीनों को अधिक तरजीह दी जाती है।

## आचार्य के ट्रेलर में काजल अग्रवाल के गायब होने से फैंस खफा

आचार्य के निर्माताओं ने कुछ दिन पहले फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया था, जिसमें चिरंजीवी और राम चरण नजर आए थे। काजल अग्रवाल, (जो फीमेल लीड में से एक हैं) ट्रेलर में कहीं



नहीं दिखीं, जिससे उनके प्रशंसक परेशान हो गये। ट्रेलर में उन्हें देखने की उम्मीद कर रहे काजल के फैंस उनकी गैरमौजूदगी से निराश हैं। उनके एक प्रशंसक ने लिखा, 2.33 मिनट के ट्रेलर में, निर्माताओं ने काजल की भूमिका की कम से कम एक झलक दिखाने की परवाह नहीं की, जो सही नहीं है। एक अन्य ट्विटर उपयोगकर्ता से पूछा कि क्या फिल्म में काजल का रोल कट गया है? इस पर जवाब देते हुए एक यूजर ने लिखा, शायद सस्पेंस जारी रखने के लिए उनकी भूमिका दिखाई नहीं की गई है? इतना ही नहीं हाल ही में सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाली काजल अग्रवाल ने आचार्य के ट्रेलर को शेयर नहीं किया। फिल्म इंडस्ट्री में व्यापक रूप से अटकलें लगाई जा रही हैं कि आचार्य का ट्रेलर रिलीज होने के बाद चिरंजीवी और काजल अग्रवाल के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित आचार्य 29 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। पूजा हेगड़े राम चरण के साथ सह–कलाकार हैं, जबकि काजल अग्रवाल चिरंजीवी के साथ सह–कलाकार हैं।




## रणबीर–आलिया की शादी में छाया सैफ–करीना का नवाबी रंग



रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी के फंक्शन में सबकी नजरें सैफ अली खान और करीना कपूर खान पर टिकी रह गईं। करीना ने पति सैफ के साथ ट्विनिंग की। दोनों ने बेबी पिक कलर की आउटफिट कैरी की हुई थी। स्टाइल स्टेटमेंट को देख हर कोई दंग रह गया। करीना कपूर के आउटफिट की बात करें तो उन्होंने पिंक कलर की साड़ी पहनी हुई थीं। साड़ी पर सिल्वर कलर का बॉर्डर खूबसूरती को चार चांद लगा रहा था। इसके अलावा, उनकी सिंपल जूलरी और लाइट मेकअप उनके लुक को परफेक्ट बना रहा था। वहीं सैफ ने नेहरू जैकेट और पजामे के साथ पिंक कलर का रॉयल कुर्ता पहना हुआ था। आपको बता दें कि रणबीर–आलिया की शादी की रस्में पाली हिल स्थित आवास वास्तु में हुई। दोनों सितारे 2018 में ब्रह्मास्त्र के सेट पर मिले थे। यहां से ही दोनों के प्यार की शुरूआत हुई। 2020 में दिए एक इंटरव्यू में रणबीर ने अपने रिश्ते की पुष्टि की। ब्रह्मास्त्र 9 सितंबर को रिलीज होगी। यह पहली बार होगा जब दोनों एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे।

## राम्या पांडियन ने बिग बॉस अल्टीमेट के बाद शुभचिंतकों को लिखा धन्यवाद नोट

हाल ही में बिग बॉस अल्टीमेट के घर से लौटी अभिनेत्री राम्या पांडियन ने मंगलवार को अपने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म



जोकर में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद प्रसिद्धि पाने वाली अभिनेत्री ने अपने शुभचिंतकों को इंस्टाग्राम पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मेरे सभी शुभचिंतकों के लिए, जो मेरे करियर का हिस्सा हैं और जिन्हें मैं अपना हिस्सा बनना चाहती हूं, आपका बिना शर्त प्यार और समर्थन मेरी सबसे बड़ी ताकत और आशीर्वाद है। आप सभी का बहुत–बहुत धन्यवाद। मैं अच्छा कर रही हूं और जल्द ही आपसे मिलने की उम्मीद करती हूं। ढेर सारा प्यार भेज रही हूं। बिग बॉस अल्टीमेट के कंटेस्टेंट बालाजी मुरुगादॉस ने रविवार को पहले बिग बॉस अल्टीमेट सीजन का खिताब अपने नाम कर लिया। उन्होंने ट्रॉफी और 20 लाख रुपये की पुरस्कार राशि जीतने के अलावा खिताब अपने नाम किया।



## जूनियर एनटीआर के पोस्ट–आरआरआर लुक से प्रभावित हुए प्रशंसक

एस.एस. राजामौली के महाकाव्य आरआरआर की अभूतपूर्व सफलता के बाद, जूनियर एनटीआर ने अपनी अगली फिल्म के लिए अपने लुक को तैयार करने के लिए ब्रेक लिया है। एनटीआर की अगली फिल्म एनटीआर 30 की घोषणा के एक साल बाद, जूनियर एनटीआर की एक अन्य व्यक्ति के साथ एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें उनके प्रशंसकों ने इसे सबसे हालिया तस्वीर होने का दावा किया है। जैसा कि फोटो से पता चलता है, जूनियर एनटीआर ने एक शानदार बदलाव किया है। तारक के प्रशंसकों को लगता है कि वह कटे हुए बालों और कटी हुई दाढ़ी के साथ बेहतर दिखते हैं। नये लुक में जूनियर एनटीआर की यह फोटो उनके प्रशंसकों के लिए ताजी हवा के झोंके के रूप में आई है। एनटीआर 30 के लिए अपना वजन कम करने की खबरों के बीच तारक के नए लुक ने उनके फैंस को उत्साहित कर दिया है।

## सिंक की बदबू बनती है बड़ी परेशानी, इन उपायों की मदद से दूर करें इन्हें



अक्सर देखा गया है कि महिलाऐं किचन के सिंक में आने वाली बदबू से परेशान रहती हैं क्योंकि यह बदबू पूर घर में फैलती हैं और घर आए मेहमानों के सामने आपको शर्मिंदा करती हैं। ऐसे में जरूरी हैं कि इस बदबू का कारण जाना जाए और बदबू को दूर करने के उपाय किए जाए। सिंक में बदबू तो खाने के फंसे होने की वजह से होती हैं। इसलिए आज हम आपके लिए कुछ बेहतरीन उपाय लेकर आए है जिनकी मदद से इस बदबू से छुटकारा पाया जा सकता हैं। तो आइये जानते है इन उपायों के बारे में।

’ नेप्थलीन की गोली का करें इस्तेमाल

बदबू खत्म के लिए नेप्थलीन की गोली भी बहुत ही अच्छा उपाय है। आप हमेशा सिंक में 1 नेप्थलीन की गोली डालकर रखें। इससे कभी भी आपको इस समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

’ सिरके से दूर करें बदबू

आप चाहे तो सिरके का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। सिंक में सिरके को डालकर छोड़ दें, बाद में स्क्रब और पानी से रगड़कर साफ करें। इससे सिंक क्लीन हो जाएगा और गदंगी भी निकल जाएगी। सिंक में व्हाइट स्पॉट पड़ जाते हैं तो वो भी आसानी से निकल जाएंगे।

’ जैतून का तेल है फायदेमंद

सिंक और ड्रेन पाइप को धोने के बाद सिंक पर हल्का सा पानी डालें और इसे तौलिया या टिश्यू से अच्छी तरह पोंछ लें। इससे सिंक पर पानी के दाग भी नहीं रहेगा। इसके बाद ऑलिव ऑयल की कुछ बूदों को डालकर पेपर टॉवल से पोंछ दें। इससे सिंक शाइन करेगा और बदबू भी दूर रहेगी।

’ बेकिंग सोडे का इस्तेमाल करें

अगर आपका सिंक स्टेनलेस स्टील से बना हुआ है तो इसे साफ करने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करें। इससे बदबू भी दूर हो जाएगी और सिंक चमकदार भी बनेगा। इसके लिए बेकिंग सोड़ा को पूरे सिंक में छिड़क दें और 5 मिनट बाद सक्रब से रगड़कर अच्छे से साफ करें।

’ संतरे के छिलकों का इस्तेमाल

सिंक को खूशबूदार बनाने के लिए उसे संतरे के छिलकों से रगड़ें। फिर गुनगुने पानी से सिंक को साफ करें। इससे सिंक की बदबू कुछ देर में ही दूर हो जाएगी।